अखिलभारतवर्षीय-

सुप्रसिद्ध विद्वानों की प्रामाणिक-

घोषणा

अर्थात्

...यों द्वारा प्रसारित भ्रमका निराकरण।

प्रकाशक—

स्वामी परमात्मानन्द शास्त्री,

मन्त्री—उदासीनसङ्घ, काशी।

बी. के. शास्त्री द्वारा—ज्योतिष प्रकाश प्रेस,

विश्वेश्वरगंज, बनारस सिटी में मुद्रित।

△,16:8
152G3

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

ॐ

[illegible] श्रीचन्द्रभगवत्पादा विजयन्तेतराम् ॥

[illegible] विग्लापके दुर्जनपङ्कजानाम् ।
[illegible] चिरं चकोरत्वमुपैतु चित्तम् ॥

रामं रामानुजं वन्दे भरतं भरतानुजम् ।
जननीं जानकीं वन्दे हनुमन्तं पुनः पुनः ॥

☞ श्रीश्रौतमुनिचरितामृत नामक ग्रन्थ के विषय में दशनामी साधुओं द्वारा विपरीत फैलाये हुये भ्रम का निवारण करते हुये अखिलभारतवर्षीय सुप्रसिद्ध-विद्वानों की घोषणा ।

प्रकाशक—स्वामी परमात्मानन्द शास्त्री,
मन्त्री—उदासीनसङ्घ, काशी ।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

A,16:8
15263

श्री श्रीचन्द्राचार्यो विजयतेतराम् ।

विवेकभ्रष्टानतिपापतत्परान् पराङ्गनाधर्मविनाशकान् खलान् ।
विचूर्णयन्तो मुनयो नमन्ति यं तं वैधसं वालयतिं नमामि ॥
कुलावधूते हि कुलाङ्गनाभिर्विम्वादिकाभिर्ननु दीक्षिता ये ।
कुलामृतञ्चैव सदा पिवन्ति कुलव्रतं ते खलु धारयन्ति ॥

भारतवर्ष में कौन नहीं जानता कि सनातनधर्म के गूढ रहस्यों के प्रकाण्डव्याख्याता श्रीयुक्त वेददर्शनाचार्य पं० गंगेश्वरानन्दजी महाराज अनेक वर्षों से सनातनधर्म महामन्दिर के एक अद्वितीय स्तम्भ बने हुये हैं। आपने सनातनधर्म का कार्य करने में जिन २ परिस्थितियों का सामना किया है उनका यदि कुछ भी दिग्दर्शन कराया जाय तो एक वड़ा पुस्तक बन सकता है। विद्याध्ययन करने के बाद ही आपको सनातनधर्म की रक्षाके लिये सिन्ध जाना पड़ा। वहां पर आपने जो कार्य किया उसे कौन सनातनधर्मी भुला सकता है। उसी समय हरिद्वार का कुम्भ आगया। स्वामीजी भी धर्मप्रचारार्थ हरिद्वार आये थे। और यहां १॥ मास तक प्रतिदिन सनातनधर्म पर व्याख्यान होते रहे। इसके वाद फिर सिन्ध में ही वापिस जाकर सनातनधर्म का प्रचार करते रहे। वहां से कराची गये और वहां पर भी प्रचार किया। कोयटा में तो बहुत काल तक रहना पड़ा। इसके बाद आपने शिकारपुर में रहना आवश्यक समझा क्योंकि उस समय शिकारपुर में विपक्षियों

JAGADGURU VISHWARADHYA
JNANA SIMHASAN JNANAMANDIR
LIBRARY
Jangamawadi Math, Varanasi
Acc. No. 170
CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

का बहुत ही प्रभाव पड़ चुका था। विपक्षी लोग खुल्लमखुल्ला विधवा विवाहादि धर्मघातक रीतियों का तत्परता से प्रचार कर रहे थे। इस लिये स्वामीजी को कई मास तक अनेक वार विपक्षियों के साथ शास्त्रार्थ करना पड़ा। इस लिये विपक्षियों को वहां से भागना पड़ा। यह बात उस देश के सभी समाचार पत्रों में प्रकाशित हो चुकी है। उसी समय शिकारपुर में स्वामीजी महाराज ने सनातनधर्म सभाकी स्थापना भी कराई। जो कि अभी तक सनातनधर्म का कार्य प्राणपणसे कर रही हैं। और सनातनधर्म युवक सभाकी स्थापना भी आपके उद्योग से ही वहां की गई थी। इसके बाद सक्खर में 'सिन्ध–विलोचिस्तान' सनातनधर्म प्रतिनिधि सभाकी स्थापना भी स्वामीजी ने कराई।

इसके बाद सिन्ध हैदराबाद आदि प्रधान २ नगरों में भ्रमण-करके श्रीस्वामीजी ने सनातनधर्म का प्रचार किया। आपके उद्योग से 'सनातन संस्थापकमण्डल, नामकी एक महती सभा वहां पर स्थापित की गई। वह अभी तक सुचारु रूपमें अपना कार्य कर रही है। उसी समय एक वेद भगवान् का मन्दिर भी बनवाया गया। अभी तक प्रतिवर्ष उस मन्दिर की प्रतिष्ठा के लिये २ महोत्सव किये जाते हैं। इत्यादि अनेक कार्य श्रीस्वामीजी ने उन देशों में किये हैं, जहां पर सनातनधर्म का कार्य करना किसी साधारण व्यक्ति की शक्ति से परे था।

स्वामीजी के लोकोत्तर धर्मप्रचार के कार्यों को जानने वाले सनातन-धर्म के कर्णधार पण्डितप्रवर श्रीकालूरामजी, तथा वर्णाश्रमस्वराज्य संघ के प्रधान मंत्री श्रीदेवनायकाचार्य आदि प्रमुख नेताओं ने आपके विषय में मुक्तकण्ठसे आदरणीय भाव प्रगट किये हैं।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

श्रीस्वामी गंगेश्वरानन्दजी महाराज के २०-२५ ही प्रवचनों ने पंजाब का कलेवर बदल दिया। जो कार्य आपने किया है उसे हजारों उपदेशक भी नहीं कर सकते थे। ले०—पं० कालूराम शास्त्री, हिन्दूपत्र-भा० पद १९९०।

गंगेश्वरानन्दजी 'सनातनधर्म के, विशेष प्रचारक हैं। लेखक पं० देवनायकाचार्यजी अ० भा० व० व० आ० स्व० सं० प्रधान मंत्री पण्डित पत्र ७ अगस्त १९३३ में। इसी प्रकार सनातनधर्म की अनेक सभाओं ने आपको अभिनन्दनपत्रप्रदान किये हैं। इसी वर्ष १४ सितम्बर को स्थानीय सनातनधर्मप्रतिनिधि सभा रावलपिण्डी ने स्वामीजी के लिये अभिनन्दनपत्र दिये हैं।

आप वेदों के साथ पुराणों की एकवाक्यता करने में बहुत दिनों से प्रसिद्ध हैं।

बहुत महानुभावों का आग्रह था कि श्रीस्वामीजी अपने प्रवचन में जिन रहस्यों को प्रकाशित करते हैं उन्हें सर्वसाधारण सनातनधर्माव-लम्बि जनता के लाभ के लिये पुस्तकाकार में अंकित करके छपाया जाय। इसलिये स्वामीजी ने श्रौतमुनिचरितामृत नामकी पुस्तक निर्माण की। इस पुस्तक में आदि से अन्त तक सनातनधर्म रहस्यों का हो प्रतिपादन है। इस पुस्तक को पढ़ने वाला सनातनधर्मावलम्बि एक बालक भी विपक्षियों का मुखमर्दन करने में समर्थ हो सकता है। विपक्षी लोग कोलाहल किया करते थे कि मूर्तिपूजा तथा श्राद्धादि पौरा-णिक हैं। क्योंकि इस विषय में किसी मूलसंहिता का प्रमाण नहीं मिलता है। इसलिये स्वामीजी ने मूलसंहिता के मंत्रों से ही सभी

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

अवतारों की लीलाओं का प्रतिपादन किया है। वेद में मूर्तिपूजा-विधान, वेद से श्राद्ध आदि सनातनधर्म के सभी विषय उक्त पुस्तक में भलीप्रकार उपवर्णित हैं।

इस पुस्तक की सभी सनातनधर्मी मुक्तकण्ठ से प्रशंसा कर रहे हैं।

यद्यपि सनातनधर्मी सज्जन इस पुस्तक की मुक्तकण्ठ से प्रशंसा कर रहे हैं तथापि कुछ ईर्ष्यालु तथा प्रतिष्ठालोलुप दशनामधारी गुसाईं पन्थ के साधु कहे जाने वालों ने उक्त पुस्तक के विषय में कुछ भ्रम फैला कर 'सूर्यमण्डल को' हस्ततल से आच्छादित करने का दुःसाहस किया है। या यों कहिये—

अतिमलिने कर्तव्ये भवति खलानामतीव निपुणा धीः ॥
तिमिरे हि कौशिकानां रूपं प्रतिपद्यते दृष्टिः ॥

वस्तुतः सनातनधर्म पर श्रद्धा न रखने वाले कुछ स्वार्थपरायण प्रच्छन्न कौलगुसाइयोंने अन्तःविद्वेष से प्रेरित होकर और पुस्तक को निमित्त बनाकर हिंदू समाज के साथ अहिन्दू समाज का तथा सनातनधर्मी संप्रदायों का भी विषयान्तर में ध्यान लगा कर सनातनधर्म की मर्यादा को मिटाने के लिये एक षडयंत्र की रचना की है। क्योंकि जब भारतवर्ष में 'संन्यासिसंघ' नामक कोई संस्था ही नहीं है, तब उसके नाम से कोई कार्य करना जनता को धोखा देना हो है। हां! अछूतोद्धारक कुछ दशनामिगुसाइयों का बहुत दिनों से एक गिरोह अवश्य बना हुआ है। परन्तु उसका नाम 'संन्यासिसंघ' नहीं हो सकता। क्योंकि संन्यासी नाम चतुर्थाश्रमी मात्र का है, परन्तु उक्त गिरोह में कुछ दशनामधारियों के अतिरिक्त कोई भी चतुर्थाश्रमी नहीं है। एतावता उक्त गिरोह सनातनधर्मियों में विद्रोह

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

फैलाने के निमित्त ही बना है। इसी ईर्ष्यालु गिरोह ने श्रौतमुनिचरितामृत के महत्वको अपहरण करने की कुचेष्टा की थी। परन्तु—

हस्त इव भूतिमलिनो यथा यथा लंघयति खलः सुजनम्।
दर्पणमिव तं कुरुते तथा तथा निर्मलच्छायम्॥

इस युक्ति के अनुसार उक्त पुस्तक का शुभ्र यश प्रतिदिन बढ़ कर भारतवर्ष के कोने २ में सूर्य प्रभा की तरह व्याप्त हो गया।

हमारी आदि से ही यह धारणा थी कि किसी सांप्रदायिक आन्दोलन में विद्यानुरागी शान्तिप्रिय पण्डितवर्ग को अपने (गुसाइयों के) स्वार्थ के लिये किसी प्रकार का कष्ट देना किसी सभ्य मनुष्य का कर्तव्य नहीं है। परन्तु उपद्रवप्रिय गुसाईं महानुभावों ने मिथ्या प्रचार करके पण्डितों की शान्ति भंग कर ही दी। क्योंकि पुस्तक न दिखा कर उसके विरोध में कुछ लिखाना अपने समान अन्यको भी अपयश का पात्र बनाने का प्रयत्न करना है। इसलिये हमें भी पूज्य पण्डितों के समक्ष यथार्थ वस्तुस्थिति का परिचय देना पड़ा। हम नहीं चाहते कि किसी माननीय विद्वान् को किसी प्रकार का अपयश लगे। परन्तु गुसाईं सबको कलंकित करना चाहते हैं। जब माननीय पण्डितों ने श्रौतमुनिचरितामृत नामक पुस्तक पढ़ी तब गुसाइयों के मिथ्याप्रचार के ढोलकी पोल खुल ही गई। इसीलिये प्रतिष्ठित तथा माननीय पण्डितों ने गुसाइयों की प्रेरणा से पुस्तक के विरोध में किये हस्ताक्षरों का प्रतिवाद कर दिया है।

गुसाइयों ने यह भी मिथ्या ही प्रचार किया है कि ग्रन्थकार स्मृतियों को श्रुति मूलक नहीं मानते हैं। परन्तु गुसाइयों की उक्त बात पर किसी को ध्यान नहीं देना चाहिये, क्यों कि ग्रन्थकार स्मृतियों को

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

श्रुति मूलक मानते हैं। यह बात श्रौतमुनिचरितामृत के उत्तरार्ध में विस्तारपूर्वक लिखी गई है, तथा श्रौत स्मार्त विषय का भी माधवाचार्य के मतके अनुसार विवेचन किया गया है। जिसकी साक्षात् श्रुति उपलब्ध हो उसे श्रौत तथा जिसकी श्रुतिका अनुमान किया जाय उसे स्मार्त कहते हैं, इत्यादि बातों का पुस्तक देखकर निर्णय कर सकते हैं। एतावता पुस्तक में सनातनधर्म पर आक्षेप कहना द्वेष मूलक है। इसी लिये श्रौतमुनिचरितामृत को अच्छी तरह पढ़ने वाले सभी विद्वानों ने मुक्तकण्ठ से एकस्वर में सनातनधर्म के अनुकूल तथा परमोपयोगी कहा है। अब भी गुसाईं यदि उक्त पुस्तक के विषय में कुछ मिथ्या भ्रम फैलावें तो भारतवर्ष के पण्डितों का अपमान करना ही समझा जायगा।

हां! गुसाइयों के ग्रंथों में सनातनधर्म को कलंकित करने के लिये अनेक षड्यन्त्र लिखे मिलते हैं। श्रीनारायण के अवतारों को भी मद्यपायी लिख मारा है, सभी महापुरुषों पर गुसाईं पन्थकी छाप लगाकर तथा मद्यमांसादि पीने का अभियोग लगाया है। श्रीशंकराचार्य को भी कलंकित करने के लिये अनेक ग्रन्थों में अनुचित प्रयास किया है। श्रीशंकराचार्यजी को कलंकित करने के लिये इन गुसाइयों ने अनेक ग्रन्थों की भी रचना की है। यह तो जनता को ज्ञात ही है। अब हम पुस्तक के विषय में माननीय विद्वानों की संमति प्रकाशित करते हैं।

भूलसे यदि कोई त्रुटि रह गई हो तो विद्वान् क्षमा करेंगें।

गच्छतः स्खलनं क्वापि भवत्येव प्रमादतः।
हसन्ति दुर्जनास्तत्र समाधत्ते हि सज्जनः॥

स्वामी परमात्मानंद शास्त्री,
मंत्री—उदासीन संघ, काशी।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

❀ ॐ ❀

श्रीहरिः

शरारती गुसाइयों की शरारतों पर घृणा।

सूर्यग्रहण पर कुरुक्षेत्र में एकत्र हुए सर्व-साधु सम्प्रदायों

की

घोषणा।

कुछ दिनों से शरारती गुसाइयों की ओर से किसी डाह, द्वेष तथा स्वार्थवश हो रही शरारत के विरुद्ध, शान्तिप्रिय सर्व सम्प्रदायानुयायी साधु महात्माओं को कैसी घृणा है, इसका परिचय सब सम्प्रदायों केउस सम्मिलित बृहत् जलूस से ही मिल सकता है, जो इस शरारत के विरुद्ध घृणा एवं खेद प्रकाशनार्थ मेला सूर्यग्रहण पर कुरुक्षेत्र में २७–८–३२ को निकाला गया था। इस अपूर्व जलूस में शरारती गुसाइयों के सिवा सब सम्प्रदायों के साधु महात्मा इस बात का प्रदर्शन करने के लिये शामिल हुए थे कि वे शरारतियों की शरारत को न केवल घृणा की दृष्टि से देखते हैं, प्रत्युत उन पर प्रभाव पड़ रहा है। सर्व साधु सम्प्रदायों का ऐसा सम्मिलित जलूस पहले भी निकला हो, इतिहास में ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिलता। शरारतियों में लज्जा नामक भाव का कुछ भी अंश हो तो उन्हें कुरुक्षेत्र में ही चुल्लू भर पानी में डूब मरना चाहिये था। पर उन्हों ने अपना मुंह छिपाने के लिये शरारती छोकरों को

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

आगे खड़ा कर लिया है। जिससे प्रगट होता है कि लज्जित होकर भी वे लोग शरारत को बन्द करना नहीं चाहते।

कुरुक्षेत्र के इस सर्व सम्प्रदाय सम्मिलित जलूस में प्रत्येक सम्प्र दाय के हजारों महात्मा शामिल हुए। सब में बड़ा जोश और उत्साह था। कतिपय प्रतिष्ठित महानुभावों के नाम नीचे लिखे जाते हैं—

श्रीमान् महन्त गोपालदास जी महाराज वैष्णव (वैरागी) लश्करवाला, वृन्दावन।

श्रीमान् महन्त जगदेवदास जी महाराज वैष्णव (वैरागी) गढ़ां।

„ „ शिवरामदास जी महाराज श्रीअवधूत मण्डलाश्रम, हरिद्वार।

„ पण्डित गोपालदास जी निराकारी

„ महन्त धीरमदास जी महाराज निराकारी सन्त मण्डल, हरिद्वार।

„ „ स्वामी कृपाराम जी दादूपन्थी म्युनिसिपलकमिश्नर, भिवानी।

„ स्वामी फुम्मनदास जी महाराज मण्डलेश्वर ग़रीबदासी।

„ महन्त साधुराम जी महाराज ग़रीबदासी मु० दफ़तू जि० लाहौर।

„ „ आदिराम जी महाराज बड़ा पञ्चायती अखाड़ा।

„ „ दर्शनदास जी महाराज बड़ा पञ्चायती अखाड़ा।

„ „ ईश्वरदास जी महाराज बड़ा पञ्चायती अखाड़ा।

„ „ प्रेमदास जी नया उदासीन पञ्चायती अखाड़ा।

„ „ पं० श्यामदासजी सेक्रेटरी नया उदासीन पञ्चायती अखाड़ा।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

❀ ॐ ❀

श्रीहरिः

शरारती गुसाइयों की शरारतों पर घृणा।

सूर्यग्रहण पर कुरुक्षेत्र में एकत्र हुए सर्व-साधु सम्प्रदायों

की

घोषणा।

कुछ दिनों से शरारती गुसाइयों की ओर से किसी डाह, द्वेष तथा स्वार्थवश हो रही शरारत के विरुद्ध, शान्तिप्रिय सर्व सम्प्रदायानुयायी साधु महात्माओं को कैसी घृणा है, इसका परिचय सब सम्प्रदायों के उस सम्मिलित बृहत् जलूस से ही मिल सकता है, जो इस शरारत के विरुद्ध घृणा एवं खेद प्रकाशनार्थ मेला सूर्य्यग्रहण पर कुरुक्षेत्र में २७—८—३३ को निकाला गया था। इस अपूर्व जलूस में शरारती गुसाइयों के सिवा सब सम्प्रदायों के साधु महात्मा इस बात का प्रदर्शन करने के लिये शामिल हुए थे कि वे शरारतियों की शरारत को न केवल घृणा की दृष्टि से देखते हैं, प्रत्युत उन पर प्रभाव पड़ रहा है। सर्व साधु सम्प्रदायों का ऐसा सम्मिलित जलूस पहले भी निकला हो, इतिहास में ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिलता। शरारतियों में लज्जा नामक भाव का कुछ भी अंश हो तो उन्हें कुरुक्षेत्र में ही चुल्लू भर पानी में डूब मरना चाहिये था। पर उन्हों ने अपना मुंह छिपाने के लिये शरारती छोकरों को

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

आगे खड़ा कर लिया है। जिससे प्रगट होता है कि लज्जित होकर भी वे लोग शरारत को बन्द करना नहीं चाहते।

कुरुक्षेत्र के इस सर्व सम्प्रदाय सम्मिलित जलूस में प्रत्येक सम्प्रदाय के हजारों महात्मा शामिल हुए। सब में बड़ा जोश और उत्साह था। कतिपय प्रतिष्ठित महानुभावों के नाम नीचे लिखे जाते हैं—

श्रीमान् महन्त गोपालदास जी महाराज वैष्णव (वैरागी)
लश्करवाला, वृन्दावन।

श्रीमान् महन्त जगदेवदास जी महाराज वैष्णव (वैरागी) गढ़ां।

,, ,, शिवरामदास जी महाराज श्रीअवधूत मण्डलाश्रम,
हरिद्वार।

,, पण्डित गोपालदास जी निराकारी

,, महन्त धीरमदास जी महाराज निराकारी सन्त मण्डल,
हरिद्वार।

,, ,, स्वामी कृपाराम जी दादूपन्थी म्युनिसिपलकमिश्नर,
भिवानी।

,, स्वामी फुम्मनदास जी महाराज मण्डलेश्वर ग़रीबदासी।

,, महन्त साधुराम जी महाराज ग़रीबदासी मु० दफतू जि० लाहौर।

,, ,, आदिराम जी महाराज बड़ा पञ्चायती अखाड़ा।

,, ,, दर्शनदास जी महाराज बड़ा पञ्चायती अखाड़ा।

,, ,, ईश्वरदास जी महाराज बड़ा पञ्चायती अखाड़ा।

,, ,, प्रेमदास जी नया उदासीन पञ्चायती अखाड़ा।

,, ,, पं० श्यामदासजी सेक्रेटरी नया उदासीन पञ्चायती
अखाड़ा।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

,, स्वामी महापुरुष जी महाराज, कोठी श्री स्वामी कमलदास जी महाराज हरिद्वार, इत्यादि ।

बृहत् जलूस द्वारा घृणाप्रदर्शन के अतिरिक्त शरारतियों की शरारत से सर्वसम्प्रदायों को सावधान करने के लिये प्रतिष्ठित प्रतिनिधि महानुभावों के हस्ताक्षर से एक घोषणा भी प्रकाशित की गई है, जिसे जनता की जानकारी के लिये यहां उद्धृत कर दिया जाता है।

गत प्रयाग कुम्भ पर दशनामी गुसाइयों ने इस भाव के विज्ञापन बांटे थे कि उनमें (गुसाइयों) के सिवा सब साधु सम्प्रदाय अवैदिक हैं। इसके उत्तर में दूसरे सम्प्रदायों की ओर से भी विज्ञापन निकले। उस समय गुसाइयों ने जिस विद्वेषाग्नि को सुलगा दिया था, ईश्वर की दया से वह यथा कथञ्चित शान्त हुई ही थी कि इन लोगों (गुसाइयों) ने एक पुस्तक का बहाना बना कर फिर से साधु सम्प्रदायों में कलहाग्नि भड़काने का काम आरम्भ कर दिया है और अब के सारी शक्ति लगा कर उसे भड़का डालने की दृढ़ प्रतिज्ञा करके निकले हैं। स्वामी पण्डित गङ्गेश्वरानन्द जी उदासीन मण्डलेश्वर ने जनता में सनातनधर्म के सिद्धान्तों का प्रचार करने के लिये श्रौतमुनिचरितामृत नाम की एक पुस्तक लिखी है। यदि इन गुसाईं भाइयों को उसमें कुछ त्रुटि दिखाई दी थी तो उचित यही था कि ग्रन्थकर्त्ता की सेवा में निवेदन करके संशोधन कराने का यत्न करते या उसके उत्तर में स्वयं कोई पुस्तक लिख लिखा देते जैसी कि सभ्य पुरुषों की मर्यादा सनातन से चली आती है। पर हमें दुःख से कहना पड़ता है कि गुसाईं भाइयों ने ऐसा मार्ग पकड़ा जिसे हम क्या कोई भी समझदार व्यक्ति घृणा की दृष्टि से देखे बिना

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

नहीं रह सकता। इन्हों ने इश्तिहारबाजी की छेड़खानी करके अपने आपको ही नहीं सारे साधु समाज को जनता की दृष्टि में गिराने और साधु सम्प्रदायों में वैमनस्य पैदा करने की चेष्टा की है, जिसकी दिन दिन उन्नति हो रही है। जिससे भविष्य में कोई अनर्थ हो जाने की भी सम्भावना हो रही है। इन सब खराबियों के लिये उत्तरदायी गुसाईं महात्मा ही हैं और होंगे। गुसाईं साधुओं में दूसरे सम्प्रदायों को गिराने और दबाने की आदत दिन प्रति दिन बढ़ती ही जाती है। अतः हम इनकी इस कार्रवाई को घृणा की दृष्टि से देखते हैं और घोषणा करते हैं कि जब तक ये लोग अपनी बुरी आदत को छोड़ नहीं देते तब तक हम न किसी प्रकार इनका साथ देंगे और नाही इनके किसी कार्य में सम्मिलित होंगे।

हस्ताक्षर—

महन्त शिवराम दास श्री १०८ अवधूत मण्डलाश्रम हरिद्वार।

सन्त गोपाल दास पण्डित।

सन्त हंस दास महन्त जौड़ा।

महन्त अमरदेव निराकारी पञ्चायती तीर्थी भवाना।

महन्त नरोत्तमदास जौड़्यांवाले।

तपस्वी बसन्तदास जी निराकारी।

स्वामी प्यारादास जी निराकारी।

महन्त स्वामी कृपाराम जी दादू पन्थी म्युनिसिपल कमिश्नर (भिवानी)।

महन्त धीरमदास जी निराकारी सन्तमण्डल हरिद्वार।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

स्वामी कुम्भनदास जी मण्डलेश्वर गरीबदास जी ।

श्री महन्त रामकृष्णदास जी गरीबदास जी छुडानी साहिब जि. रोहतक ।

महन्त साधूराम जी गरीबदासी दफ्तू जिला लाहौर ।

महन्त अमरदास जी गरीबदासी कचयाणा जिला करनाल ।

पण्डित दिगम्बरानन्द जी रामस्नेही ।

महन्त गोपालदास जी वैष्णव लश्कर वाला वृन्दावन ।

महन्त जगदेवदास जी वैष्णव गद्दी ।

महन्त सन्तराम जी रियासत पटियाला ।

पण्डित कृपारामजी चरनदासी सम्प्रदाय ।

महन्त आदिराम जी महाराज बड़ा पंचायती अखाड़ा

महन्त दर्शन दास जी महाराज बड़ा पञ्चायती अखाड़ा ।

महन्त ईश्वर दास जी महाराज बड़ा उदासीन पञ्चायती अखाड़ा ।

महन्त प्रेमदास जी नया उदासीन पञ्चायती अखाड़ा ।

महन्त पं. श्यामदास जी नया पञ्चायती अखाड़ा ।

महन्त स्वामी महापुरुष जी महाराज, कोठी श्री स्वामी कमलदास जी महाराज हरिद्वार ।

निवेदक—

पण्डित कर्पूरदास वेदान्तकेसरी निराकारी ।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

श्रौतमुनिचरितामृत के विषय में प्रसिद्ध पण्डितों की सम्मति

१—श्रौतमुनिचरितामृतविषये सम्प्रदायकलहमालोच्य पूर्वमेव ताटस्थ्ये कृतविचारः परमाग्रहेण मतान्तरे कृतमपि हस्ताक्षरं परावर्त्य सम्प्रति ताटस्थ्यमवलम्बे। पुस्तकमिदं सनातनधर्मानुयायिनां परमोपकृतिमाचरतीति।

श्रौतमुनिचरितामृत के विषय में साम्प्रदायिक कलह को जानकर मेरा तटस्थ रहने का विचार था, परन्तु दशनामी महात्माओं के परमाग्रह से उनकी तरफ (दशनामियों की तरफ) मैंने हस्ताक्षर कर दिया था। अब मैं उन हस्ताक्षरों को लौटाकर तटस्थ होता हूं। और यह पुस्तक सनातनधर्मियों को परमोपकारी है।

श्रीबालबोध मिश्रः
व्याकरण-न्याय-वेदान्ताचार्यः सकलदर्शनतीर्थः
क्विंसकालेज, बनारस।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

२—विदित हो कि मैं श्री गङ्गेश्वरानन्द जी को १०-१२ वर्षों से जानता हूँ। वे सनातनधर्मानुयायी हैं। मुझसे और स्वामी जी से पठन पाठनादि का संबन्ध भी था। इस श्रौतमुनिचरितामृत में भी स्वधर्मोत्कर्ष अवश्य है, परन्तु किसी सम्प्रदायपर आक्षेप नहीं। इसलिये मैंने पं० श्री हाराणचन्द्रभट्टाचार्य की बनाई व्यवस्थापर जो हस्ताक्षर किया है उसको वापिस लेता हूँ।

श्री शिवदत्तमिश्र न्यायाचार्यः न्यायशास्त्रप्रधानाध्यापकः
२५।७।३३ क्विंसकालेज, काशी।

३—पूर्वं मतान्तरे ग्रन्थमनालोक्यैवापाततस्तेषां विचारमनुसृत्य हस्ताक्षराणि कृतानि। अधुना कतिपयदिवसैः श्रौतमुनि चरितामृतमालोच्य तत्र सनातनधर्मोद्देश्यानि प्रधानानि मूर्त्तिपूजा श्राद्धादीनि निरीक्ष्य श्रद्धेयोऽयं ग्रन्थः इत्यवधारितम्। एतद्विषये मतान्तरे कृतलेखं परावृत्यावलम्बिततटस्थ्येन मया।

मैंने पहिले ग्रन्थ को न देख कर ही दशनामि महात्माओं के विचारानुसार दशनामियों के पक्ष में हस्ताक्षर कर दिया था, परन्तु अब मैंने अच्छी तरह कई दिन तक पुस्तक विचार कर यह निश्चय किया है कि यह पुस्तक सनातनधर्म के मुख्य विषय मूर्त्तिपूजा आदि का प्रतिपादक होने से आस्तिक जनता को श्रद्धेय है। इसलिये पहिले इसके विरुद्ध किये हस्ताक्षरों को लौटाता हुआ मैं तटस्थ होता हूँ॥

ह० श्रीराधाप्रसाद शास्त्री,
प्राच्यविद्याविभागीय धर्मशास्त्रप्रधानाध्यापकः,
हिन्दूविश्वविद्यालय, बनारस।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

४—श्रौतमुनिचरितामृतग्रन्थे श्रीशङ्कराचार्यप्रशस्तिः सनातनधर्मसम्मतं मूर्त्तिपूजादिकं च वर्त्तत इति ।

श्रौतमुनिचरितामृत में श्रीशंकराचार्यजी की प्रशंसा की गई है। और इस ग्रंथमें सनातनधर्म के आधारभूत मूर्तिपूजादि समस्त विषयों का सम्यक् प्रतिपादन है।

पं० श्री विद्याधर मिश्रः वेद मीमांसाध्यापकः-
प्रिन्सिपल धर्मविज्ञानकालेज, हिन्दूविश्वविद्यालय, बनारस।

५—मया पूर्वं श्रौतमुनिचरितामृतमनालोक्य केवलं कर्णाकर्णिकया तत्र सनातनधर्मश्रीमच्छङ्करभगवत्पादादीनां निन्दादिकमवगत्य यल्लिखितमत्रविषये तदिदानीं ग्रंथमालोच्य विपरीतमिव प्रतिभाति। अत्र खलु सनातनधर्मान्तःपातिनां सर्वेषामेव विषयाणां सम्यक् सन्तोषजनकश्च प्रतिपादनमस्तीति मया सम्यगालोचितमिति।

मैंने पहिले श्रौतमुनिचरितामृत नहीं देखा था, केवल कर्णपरंपरा से पुस्तक में शंकराचार्यजी की निन्दा का उल्लेख सुनकर दशनामी महात्माओं की तर्फ हस्ताक्षर कर दिये थे। अब ग्रन्थ का पर्यालोचन कर मैंने इस ग्रन्थ को पहिलीधारणा से नितान्त विपरीत पाया, क्योंकि इसमें सनातनधर्म के सभी विषयों का भली प्रकार से वर्णन किया गया है।

श्री केदारनाथ शर्मा शास्त्री साहित्य न्याय प्रधानाध्यापकः-
हिन्दूकालेज, बनारस।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

६—स्वामी गङ्गेश्वरानन्द विरचित सनातनधर्म सम्मत श्रौत-मुनिचरितामृत ग्रन्थ मूर्त्तिपूजादि का सम्यक् प्रतिपादक है।

सर्वतंत्र स्वतंत्र व्याकरणाद्याचार्य पं० हरिनारायण त्रिपाठी,
प्रोफेसर गवर्नमेंट संस्कृत कालेज, बनारस।

७—अत्रार्थेसम्मतिः—

श्रीभास्करानन्द शर्मणो व्याकरणाचार्यस्य

उक्तार्थ में मेरी भी सम्मति है।

अध्यापक मारवाड़ी संस्कृत कालेज, बनारस।

८—सम्मनुतेऽमुंलेखम्—

उक्त लेख का मैं भी अनुमोदन करता हूं।

श्रीबलदेव मिश्रजी व्याकरणाचार्य,
विश्वनाथ संस्कृत पाठशाला, प्रधानाध्यापक–काशी।

९—अनुमोदन्ते ग्रन्थविषयिणीं सुव्यवस्थाम्

ग्रन्थ विषयक सुव्यवस्था का अनुमोदन करते हैं।

श्रीरामानुजसिद्धान्तप्रवर्त्तकाचार्य, व्याकरणाचार्य
श्रीनृसिंहाचार्य त्रिपाठी,
माध्वदर्शनाध्यापकः–क्विंसकालेज-बनारस।

१०—८९ पृष्ठ में इस ग्रन्थ में शङ्कराचार्य की प्रशंसा की गई है, एवम् कुमारिलभट्ट प्रभृति की भी प्रशंसा है, मूर्त्तिपूजादिका भी प्रतिपादन अच्छा है।

नारायणदत्त त्रिपाठी, व्याकरणाचार्य, पोस्टाचार्य
मारवाड़ी संस्कृत कालेज, श्रीचन्द्रमहाविद्यालय प्रधानाध्यापकः—

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

११—श्रौतमुनिचरितामृत नाम का ग्रन्थ अद्वैतमत का समर्थन करते हुए मूर्त्तिपूजा का भी समर्थक है।

दीनानाथ शास्त्री व्याकरणाचार्य
प्रोफेसर श्रीचन्द्रमहाविद्यालय, आसभैरव, काशी।

१२—श्री गणेशदत्त ज्यौतिषी ज्यौतिषाचार्य
श्रीचंद्रमहाविद्यालय ज्यौतिषाध्यापकः—

१३—मुकुन्दशास्त्री खिस्ते, साहित्याचार्य
श्रीचंद्रमहाविद्यालयाध्यापकः—

१४—उदासीनसम्प्रदायानुयायि श्रीमदुदासीन स्वामि गङ्गेश्वरानन्द विरचितं श्रौतमुनिचरितामृतं श्राद्ध मूर्त्तिपूजादि सनातनधर्मसिद्धान्तपरिपोषकत्त्वेनातीवसनातनधर्मिंणांसन्तोषदमिति मन्यते।

उदासीन संप्रदायावलम्बी श्रीमान् स्वामी गङ्गेश्वरानन्दजी के बनाये श्रौतमुनिचरितामृत ग्रन्थ में श्राद्ध तथा मूर्तिपूजादि सनातनधर्म के श्रद्धेय विषयों का सम्यक् उल्लेख होने से यह पुस्तक सनातनधर्मियों को अत्यन्त संतोषजनक है।

राजनारायण त्रिपाठी
व्याकरण पोष्टाचार्यः साहित्याचार्यः।
उदासीन गुरुसंगतविद्यालय प्रधानाध्यापकः—

१५—श्रीमत स्वामि गङ्गेश्वरानन्दनिर्मितं श्रौतमुनिचरितामृतममृतमयमवलोक्य नितरामेव ममानन्दः समजनि। यदस्मिन् सनातनधर्मप्रधानाचार्य श्रीमद्भगवच्छङ्करस्वामिनां प्रशंसामयं यथा-

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

वस्थितवस्तुप्रकाशकं चरितं वैदिकमंत्रादिना युक्त्युपष्टम्भेन मूर्त्तिपूजाऽवतारश्राद्धादिकं सनातनधर्मप्रधानाङ्गं व्यवस्थापितम्। अन्यदपि महानुभावचरितं चकास्ति, मन्ये धर्मजिज्ञासून् बहूनुपकरिष्यतिनिबन्धोयमिति।

श्रीमान् स्वामी गंगेश्वरानन्दजी के बनाये हुए अमृतमय श्रौतमुनिचरितामृत ग्रन्थ को देख कर मुझे बड़ा आनन्द हुआ, क्योंकि इसमें सनातनधर्म के प्रधान श्रीशंकराचार्यजी की स्तुति की गई है, और श्राद्ध, मूर्तिपूजा, अवतारवाद आदि का वैदिक मन्त्रों तथा प्रबल प्रमाणों द्वारा अच्छीतरह प्रतिपादन किया है। और अन्य महापुरुषों का जीवनचरित्र भी इतिहासानुकूल वर्णित है, मैं आशा करता हूं कि धर्मजिज्ञासुओं का इस से विशेष उपकार होगा।

लक्ष्मीनाथ झा वेदान्ताध्यापकः-
विश्वविद्यालयः काशी।

१६—सादरमनुमनुतेलेखममुम्

ऊपर लिखी व्यवस्था को हम भी सादर स्वीकार करते हैं।

उग्रानन्द झा शर्मा तर्कद्वय व्याकरणतीर्थः, तर्कभूषणः,
स्याद्वाद महाविद्यालय प्रधानाध्यापकः
उदासीन सं० पाठशालाध्यापकश्च काशी २४-७-३३

१७—श्रीव्रजविहारी झा शर्मा
व्या० ती० व्या० भू०

१८—श्री गेनालालचौधरी ज्यौ० आ० प्रधानाध्यापक
टीकमणि संस्कृतकालेज, काशी।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

१९—श्री मुरलीधरठक्कुरः, ज्यौतिषाचार्यः काशी ।

२०—श्रीमदुदासीनमण्डलेश्वर स्वामि गङ्गेश्वरानन्द श्रौतमुनिविरचितं श्रौतमुनिचरितामृतं श्रुतिस्मृतीतिहासपुराणादि धर्मशास्त्रानुमोदित मूर्त्तिपूजनावतारवादश्राद्धविवेकादिधार्मिकार्थप्रतिपादकमिति सनातनधर्मजिज्ञासूनां धार्मिकजनानामशेषसंशयोच्छेदकतया परमोपकारकमिति सानन्दं विज्ञापयामः ।

उदासीन मण्डलेश्वर श्रीमान् पं० गङ्गेश्वरानन्दश्रौतमुनिजी का बनाया श्रौतमुनिचरितामृत ग्रन्थ श्रुति, स्मृति, इतिहास, पुराण आदि से प्रतिपादित तथा अनुमोदित, सनातनधर्म के मुख्य विषय श्राद्ध, मूर्तिपूजा, अवतारवाद आदि का नितान्त प्रतिपादक होने से सनातनधर्म के गूढ विषयों के जिज्ञासुधार्मिकसज्जनों के लिये यह ग्रन्थ अति उपकारक है । श्रीमधुसूदनभट्टाचार्याः तर्क व्याकरण तीर्थाः,
उदासीनगुरु संगतविद्यालय न्यायशास्त्राध्यापकाः, काशी ।

२१—श्रौतमुनिचरितामृतंनामपुस्तकमतीवरमणीयंदृश्यते, तस्मिन् श्रौतमुनिचरितामृते मूर्त्तिपूजाऽवतारवादश्राद्धवादादीनां नितरां सप्रमाणमुपवर्णनम् , अतः सनातनधर्मानुयायिभिः सर्वैः सहृदयैर्ग्राह्यम् । अत एव मयाऽपि सम्यक् स्वसम्मतं मतं प्रतिपादितम् ।

सनातनधर्म के मूर्तिपूजा, श्राद्ध, अवतारवाद आदि मुख्य तथा श्रद्धेय सिद्धान्तों के सम्यक् प्रतिपादक होने से यह श्रौतमुनिचरितामृत ग्रन्थ अत्यन्त प्रशंसनीय है । अतः सनातनधर्मीसज्जनों को इस पुस्तक से अवश्य लाभ उठाना चाहिये ।

कवि मङ्गलदत्त उपाध्यायः काव्य व्याकरण तीर्थः
लालेश्वरवेदविद्यालय ब्रह्मघाट काशी ।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

२२—श्रौतमुनिचरितामृत पुस्तकावलोकनेन तत्र बहुशः सनातनधर्मीया एव विषयाः प्रतिपादिता इति ।

श्रौतमुनिचरितामृत ग्रन्थ के पढ़ने से प्रतीत होता है कि इनमें सनातनधर्मी सभी विषयों का ग्रन्थ कर्त्ताने प्रतिपादन किया है ।

श्रीरामयत्न ओझा ज्यौतिषाचार्यः
हिन्दूविश्वविद्यालय, काशी ।

२३—स्वामी श्री गंगेश्वरानन्द विरचित श्रौतमुनिचरितामृत नाम की पुस्तक में श्राद्ध, मूर्त्तिपूजादि, अधिकांश सिद्धान्तों का युक्तिपूर्वक प्रतिपादन अच्छी तरह किया गया है ।

श्रीराम व्यास ज्यौतिषी,
११—९—३३ हिन्दूविश्वविद्यालय, काशी ।

२४—श्रौतमुनिचरितामृतनामकोऽयं ग्रंथः सनातनधर्मानुकूल इति प्रमाणी करोति ।

यह श्रौतमुनिचरितामृत ग्रन्थ सनातनधर्म के सर्वथा अनुकूल है, यह मैं प्रमाणित करता हूं ।

झोपाभिधो यागेश्वर शर्मा
मुमुक्षुभवन वेदवेदांगविद्यालयाध्यापकः
११-९-३३ भदैनी-काशीस्थः ।

२५—श्रीस्वामिगङ्गेश्वरानन्दनिर्मितं श्रौतमुनिचरितामृतं श्राद्ध-प्रतिमापूजाऽवतारादि प्रतिपादयत् सनातनधर्मनिरूपणपरम् इति प्रतिभाति ।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

स्वामी श्रीगंगेश्वरानन्दजी निर्मित श्रौतमुनिचरितामृत ग्रन्थ सनातनधर्म के प्रधानविषय श्राद्ध, प्रतिमापूजनादि का सम्यक् प्रतिपादक है।

श्रीरामप्रीति शर्मा द्विवेदी व्याकरणाचार्यः
काशीस्थ श्रीदाऊजी पाठशाला,
प्रधानाध्यापकः।

२६—श्रीमत्स्वामि विरचितोऽयं ग्रन्थः श्रुत्यादिप्रमाणीकृतः क्वापि न विरुद्धोऽतः सनातनधर्मानुयायिनामस्माकं सर्वथोपादेय इति संमन्यते।

श्री मत् स्वामी (गंगेश्वरानंदजी) का बनाया हुआ यह ग्रन्थ श्रुत्यादि से प्रमाणित है, और इस ग्रंथ में कहीं भी विरुद्ध नहीं है। इस लिये हम सनातनधर्मावलम्बियों को यह ग्रंथ सर्व प्रकार से उपादेय है।

काशीस्थ प्राचीन धर्मशास्त्राध्यापक पंचागकारकः
श्रीजयकृष्ण विद्यासागरः काशी।

२७—श्रीमत्स्वामि गङ्गेश्वरानन्दविरचितं श्रौतमुनिचरितामृतं मयाऽवालोकि, पुस्तकेऽस्मिन् श्रुत्यादिप्रमाणसिद्धं मूर्तिपूजनादिकं सयुक्तिकं प्रतिपादितमिति सनातनधर्मानुकूलमिदमिति प्रमाणीकरोति

मैंने श्रीमान् स्वामी गंगेश्वरानन्दजी निर्मित श्रौतमुनिचरितामृत (ग्रन्थ) पढा है। इस पुस्तक में श्रुत्यादि प्रमाणों से सिद्ध मूर्तिपूजनादि का युक्तियों के साथ प्रतिपादन किया गया है। इस लिये यह ग्रंथ सनातनधर्म के अनुकूल है।

कमलकृष्ण स्मृतितीर्थः काशी।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

२८—श्रीमत्स्वामि गङ्गेश्वरानन्द विरचितं श्रौतमुनिचरितामृत-मवलोकयता मया विदितमेतद् यदस्मिन् पुस्तके सनातनधर्म विरुद्धार्थप्रतिपादकतया कोऽपि शब्दो न विराजत इति प्रमाणयति ।

श्रीमान् स्वामी गंगेश्वरानन्द जी विरचित श्रौतमुनिचरितामृत को पढ़कर मैंने यह निश्चय किया है कि इस पुस्तक में सनातन धर्म से विरुद्ध अर्थ को कहने वाला एक भी शब्द नहीं है

श्रीश्रीशङ्करदेव शर्मा, तर्करत्न, काशी ।

२९—श्रीमत्स्वामिगङ्गेश्वरानन्दविरचितं श्रौतमुनिचरितामृतं मया अवलोकितं नात्र सनातनधर्मविरुद्धार्थो लभ्यते ।

श्रीमान् स्वामी गंगेश्वरानन्द जी प्रतिपादित श्रौतमुनिचरितामृत मैंने पढ़ा है । इस पुस्तक में सनातनधर्म के विरुद्ध कुछ नहीं प्रतीत होता है ।

श्रीमत्काशीनरेश सभापण्डित

श्यामाकान्त, तर्कपञ्चानन, काशी ।

३०—श्रीमत्स्वामिगङ्गेश्वरानन्दविरचितं श्रौतमुनिचरितामृतं मया अवलोकितमिदम् सर्वमेवात्र निहितवृत्तं श्रुति स्मृति पुराण प्रमाणसिद्धं न विरुद्धं कुत्रापि धर्मशास्त्राणां नितरामिदं सनातन-धर्मानुकूल मितिप्रमाणयति ।

श्रीमान् स्वामी गंगेश्वरानन्दजी संपादित श्रौतमुनिचरितामृत मैंने पढ़ा है । इस पुस्तक में सभी वृत्त श्रुति स्मृति और पुराणादि प्रमाणों से सिद्ध है, तथा धर्मशास्त्र के विरुद्ध कुछ भी नहीं है । अतः यह ग्रन्थ नितान्त सनातनधर्म के अनुकूल है ॥

श्रीभारतधर्ममहामण्डलीयोपदेशक विद्यालये श्रुति स्मृति

शास्त्राध्यापकः स्मृति तीर्थोपनामकः

श्रीशशिभूषण शर्मा, काशी ।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

३१—श्रीश्रौतमुनिचरितामृतं श्रीस्वामिगंगेश्वरानन्दसम्पादितं समवलोकितं मया। ग्रंथस्यास्य विलोडनेन स्फुटतरम्प्रतिभाति यन्नाऽयं कथञ्चिदपि प्रतिपक्ष्याक्षिप्तलोहगन्धितामावहति प्रतिफलति वा तत्समुद्घोषितानाक्षेपान्। तस्मादकलोऽयं कलकलोऽकाण्ड-ताण्डवमात्रमेवेति मन्यते।

श्रीमान् स्वामी गंगेश्वरानन्द जी सम्पादित श्रौतमुनिचरितामृत मैंने पढ़ा है। इस ग्रंथ को विलोकन करने से स्पष्ट मालूम होता है कि इस ग्रंथ में किसी प्रकारभी, प्रतिपक्षियों (दशनामियों) से लगाये कलंक की गंध सिद्ध नहीं होती। इस लिए यह (विपक्षियों का) कोलाहल सर्व प्रकार से निराधार है। तथा अकाण्डताण्डव मात्र है।

श्रीवीरमणिप्रसाद उपाध्याय,
साहित्याचार्यो न्यायशास्त्री, एम० ए०, काशी।

३२—पं० स्वामि श्रीमद्गंगेश्वरानन्दविरचितः श्रौतमुनिचरितामृतनामको ग्रन्थः सनातनधर्माविरुद्ध इति प्रमाणयति—

पं० श्रीमान् स्वामी गंगेश्वरानन्दजी कृत यह श्रौतमुनिचरितामृत नामक ग्रंथ सनातनधर्म के विरुद्ध नहीं है।

पं० सदाशिवशास्त्री, दाक्षिणात्य,
साहित्योपाध्यायो, व्याकरणशास्त्री, काशी।

३३—मैंने श्रौतमुनि चरितामृत ग्रन्थ को पहिले नहीं देखा था, परन्तु प्रामाणिक पण्डितों के लेख से विदित हुआ कि उसग्रन्थ में दशनामी संप्रदाय को अवैदिक और स्वसंप्रदाय को वैदिक कहा गया है। और

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

इसपर अनुचित आक्षेप किया गया है। इसलिये मैंने कुछदिन पहिले इसके विरोधमें हस्ताक्षर किया था, क्योंकि दोनों संप्रदायोंपर मेरी श्रद्धा है। ऐसे विकट समय पर इन संप्रदायों में परस्पर वैमनस्य उत्पन्न हो यह मैं नहीं चाहता। संप्रति मैंने उस ग्रन्थ को देखा, ग्रन्थ में बहुत विषय है, जो कि सनातनधर्म के ही अनुकूल है। मैं यह अवश्य कह सकता हूं कि यह ग्रन्थ सनातनधर्मका विरोधी नहीं है। ॥ इति ॥

ताराचरण भट्टाचार्य,

साहित्याचार्य सकलदर्शनाध्यापकः टीकमणि कालेज, काशी।

३४—श्रौतमुनिचरितामृतग्रन्थे श्री १०८ श्रीशङ्कराचार्यस्यातीव-प्रशंसाऽस्ति, लेशतोऽपिनास्ति सनातनधर्मनिन्दाऽस्मिन् ग्रन्थ इति।

श्रौतमुनिचरितामृत ग्रंथमें श्री १०८ भगवत्पाद श्रीशंकराचार्यजी की अत्यन्त प्रशंसा की है और इस पुस्तक में सनातनधर्म की निन्दा लेशमात्र भी नहीं है।

रामप्रियपाठकः साहित्याचार्यः

बनारस।

३५—श्रौतमुनिचरितामृतग्रन्थे श्रीमच्छङ्करभगवत् पादादीनां प्रशस्तिः सनातनधर्मसम्मतं मूर्त्तिपूजाश्राद्धादिकं च वर्त्तत एवेति।

श्रौतमुनिचरितामृत ग्रन्थ में भगवत्पाद श्रीशंकराचार्य आदि आचार्य चरणों की पर्याप्त प्रशंसा के साथ २ सनातनधर्म के मूर्त्तिपूजा श्राद्धादि सभी विषयों का सम्यक् वर्णन है।

भगवत् प्रसाद शर्मा मिश्रः काशी।

६।९।३३।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

३६—श्रौतमुनिचरितामृतं वर्षतीव श्रौतमुनिविरचितोऽयं श्रौतमुनिचरितामृतग्रन्थः। ग्रन्थेऽस्मिन् साधु विभान्ति मूर्त्तिपूजा-श्राद्धावतारवादादयः सनातनपद्धतय। इति

श्रौतमुनि विरचित यह श्रौतमुनि चरितामृत नामक ग्रन्थ मानो श्रौतमुनियों के चरितों की वर्षा कर रहा है। इस ग्रन्थ में मूर्तिपूजा श्राद्ध तथा अवतार आदि सनातनधर्म की पद्धति का अच्छा प्रतिपादन है।

कैलाशपति मिश्रः—व्याकरणाचार्य,
अध्यापक क्विन्सइण्टरकालेज, बनारस।

३७—श्रौतमुनिचरितामृतग्रन्थोऽयमार्षप्रतिपादित मूर्त्तिपूजा-श्राद्धप्रभृतिनियमानां सम्यक्प्रतिपादक इति प्रमाणीकरोति—

इस श्रौतमुनिचरितामृतनामक ग्रन्थ में आर्षप्रतिपादित मूर्त्तिपूजा तथा श्राद्ध प्रभृति नियमों का भली प्रकार प्रतिपादन है।

पं० श्रीरामचन्द्रमिश्रः—
व्याकरणपोष्टाचार्यः, सांख्ययोगशास्त्री, बनारस।

३८—श्रीश्रौतमुनिचरितामृतग्रन्थोऽयमार्षप्रतिपादितश्राद्धादि प्रतिपादक इति साल्हादं प्रमाणीकरोति।

यह श्रौतमुनिचरितामृत ग्रन्थ आर्ष प्रतिपादित श्राद्धादि का प्रतिपादक है, यह बात हम सहर्ष प्रमाणित करते हैं।

शिवमंगलद्विवेदी
व्याकरण साहित्य सांख्यतीर्थो न्यायाचार्यः
अध्यापक मारवाड़ी संस्कृत कालेज, मीरघाट, काशी।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

३९—श्रीश्रौतमुनिचरितामृतग्रन्थोऽयं सम्मनुते परमपूज्यार्षप्रतिपादित प्रतिमार्चनादिक सद्विधीनिति प्रमाणीकरोति ।

यह श्रौतमुनिचरितामृत परमपूज्य आर्ष प्रतिपादित मूर्त्तिपूजादि सनातनधर्म की विधियों का प्रतिपादन करता है ।

ह० श्रीपं० नित्यानन्द मिश्रः वेदाध्यापकः,

श्रीसत्यनारायण वेद संस्कृत विद्यालय, काशी ।

४०—श्रीमत्स्वामि गंगेश्वरानन्दविरचितं श्रौतमुनिचरितामृतमवलोक्य सहर्षं विज्ञापयामि यत् पुस्तकमिदं मूर्त्तिपूजनादिक धार्मिकार्थप्रतिपादकतया सनातनधर्मानुकूलमिति ।

श्रीमान् स्वामी गंगेश्वरानन्द जी सम्पादित श्रौतमुनिचरितामृत को देख कर हम हर्ष के साथ कहते हैं कि यह पुस्तक मूर्त्तिपूजनादि धार्मिक विषयों का प्रतिपादक और सनातनधर्म के अनुकूल है ।

वंगीय दलपति पण्डितप्रवर विद्यारत्नोपाधिक

श्रीमधुसूदनदेव शर्मा, वनारस ।

४१—विदितं भवेत् सज्जनानां, येऽनधिगम्य प्रकरणार्थं पौर्वापर्येणानालोच्यैव निर्दोषं सदोषंवदंतस्ते किं कुर्वन्ति, यथा प्रचंडमार्तण्डमण्डले पेचका अंधंतमः कल्पयन्ति तथा तेषां दोषोद्भावनं वेदितव्यम्, तथाहि संक्षेपशारीरके "महा महिम्नामपि यश्चिकीर्षति स्वभावसंशुद्धतरंतिरोयशः ।

स नूनमाच्छादयितुं प्रवर्त्तते विवस्वतो हस्ततलेनमं डलम्। यथा वा तत्रैव समारम्भे—"पुरुषापराधमलिनां धिषणां निरवद्य चक्षु-

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

रुदयोऽपि यथा न फलाय भवति भच्छुविपयाकृतिसंभवापितथा-ऽस्मनि धीः" अयं हि वेदवेदाङ्गकणभक्षाक्षपादपक्षीयतर्कजाल-मधिगम्य कर्मकाण्डादिविषयेषु निष्णातबुद्धिः तदीय कथनीयलेशानभिज्ञा अकाण्डताण्डवं चिकीर्षवोऽनभ्यासशीला गर्त्ते पतन्ति यथा तथैरते मंदा महानुभावस्य विद्वद्वरिष्ठस्य लोकोत्तरगुण-गरीयस्य गंभीरभावस्य तत्त्वानभिज्ञास्ते ब्रुवन्तो न लज्जन्ते, इति हा कष्टम् ! येऽन्यत्र पक्षपातादत्तदृष्टयो महानुभावा पण्डितप्रवर श्री गंगेश्वरानंदीय संगृहीत श्रौतमुनिचरितामृतं सम्यक् समालोचनेन विदाङ्कुर्वन्तु, यदेतत् प्रकरणे विश्वजनीने आत्मनीनं मन्यमाना मन्दा दोषारोपं चिकीर्षवः स्वयंनष्टा भविष्यन्ति, इतिमन्महे । तथा च—

त्रिभिर्वर्षैस्त्रिभिर्मासैस्त्रिभिः पक्षैस्त्रिभिर्दिनैः ।

अत्युग्रपापपुण्यानामिहैवफलमश्नुते । नहि पुस्तकमिदं सनातनधर्मविरुद्धं कथमपि, प्रत्युत सनातनधर्मोपकारकमिति प्रमाणी करोति—

सर्वतंत्रस्वतंत्र-निखिलशास्त्रनिष्णात-यतिप्रवरः

श्री वालानन्द स्वामी

बनारस ।

४२—श्रौतमुनिचरितामृतपुस्तके बहुशः सनातन धर्मस्यैव विषयाः सम्यगालोचिताः सन्ति-इति प्रमाणीकरोति ।

विन्ध्येश्वरी प्रसाद शास्त्री

प्रधान धर्माध्यापकः सेन्ट्रल हिन्दू स्कूल काशी ।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

४३—श्रीमद् गङ्गेश्वरानन्द श्रौतमुनिविरचितं श्रौतमुनिचरितामृतं सनातनीयो मूलवेदनिर्धारितामत्युपयोगिनीं तात्विकीं व्यवस्थामुपस्थापयते प्रतिपादयते च सनातनधर्मसूक्ष्मविषयाणां श्राद्धमूर्तिपूजादि विधानानां याथातथ्यमादरणीयमिति सम्मनुते ।

स्वामी गंगेश्वरानन्द श्रौतमुनिप्रणीत श्रौतमुनिचरितामृत ग्रन्थ मूलशास्त्र वेदादिद्वारा प्रदर्शित सनातनधर्म की यथार्थ व्यवस्था का परिचय देता है । साथ ही सनातनधर्म के मुख्य विषय प्रतिमापूजन अवतारवाद, श्राद्धादिका यथार्थ प्रतिपादक है, अतः सनातनधर्मानुयायी प्रत्येक सज्जन को यह ग्रन्थ आदरणीय है ।

विविध दर्शन निष्णात श्रीसिद्धनाथ,
व्याकरणपोष्टाचार्य ।

४४—श्रीमत् स्वामि गङ्गेश्वरानन्दविरचितं श्रौतमुनिचरितामृतं मयावलोकितमस्मिन् पुस्तके सनातनधर्मशास्त्रानुमोदित मूर्त्तिपूजादिकं सम्यक् प्रतिपादितमिति सनातनधर्मानुकूलमिति प्रमाणी करोति ।

श्रीमान् स्वामी गङ्गेश्वरानन्दजी द्वारा विरचित श्रौतमुनिचरितामृत को हमने देखा, इस पुस्तकमें सनातनधर्म के धर्मशास्त्रों से भी अनुमोदित मूर्तिपूजादिक विषयों का अच्छे तरीके से प्रतिपादन है, इसलिये सनातनधर्म के अनुकूल है, ऐसा प्रमाणित करता हूं ।

मुक्तामाच्छा पुरोहित विद्यावागीशोपनामक,
श्रीशारदाचरणदेव शर्मा काशी ।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

४५—श्रौतमुनिचरितामृतं पर्यालोचयता मया कथमपि सनातनधर्मद्वेषलेशोऽपि नासादितः । ये तु तथाभ्यूहन्ति ते ग्रन्थादर्शनाद् विकारान्तरसमुद्रेकाद्वेति मे मतम् ।

श्रौतमुनिचरितामृत ग्रन्थ को मैंने आद्योपान्त देखा, इसमें किसी प्रकारसे सनातनधर्मके विरुद्ध लेशमात्रभी नहीं है, जो लोग सनातनधर्म के विरुद्ध कहते हैं सो या तो ग्रन्थको सर्वथा देखते ही नहीं या किसी खास द्वेष विशेष से कहते हैं, यह मेरा मत है।

श्रीकेशवप्रसाद मिश्र,
काशी विश्वविद्यालयाध्यापकः
ता० १५ । ९ । ३३.

४६—श्रौतमुनिचरितामृतं श्रीमदुदासीनगङ्गेश्वरानन्दप्रणीतं सनातनधर्माविरुद्धमिति प्रमाणयति ।

श्रीमान् गंगेश्वरानंदजी उदासीनप्रणीत श्रौतमुनिचरितामृतग्रंथ सनातनधर्मानुकूल है ।

श्रेष्ठिप्रवर श्रीशिवप्रसादगुप्तस्य प्रधान पण्डितः,
श्रीराजाराम शास्त्री ।

४७—श्रौतमुनिचरितामृतं श्रीमदुदासीनगङ्गेश्वरानन्दप्रणीतं सप्रमाणेन सनातनधर्माविरुद्धमिति प्रमाणयति ।

श्रीमान् गंगेश्वरानंद उदासीनप्रणीत श्रौतमुनिचरितामृत ग्रन्थ सनातनधर्मानुकूल है ।

पं० रामानन्द पाण्डेय व्याकरणाचार्य,
संस्कृत पाठशाला नगवा काशी ।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

४८—ग्रन्थोऽयम्मयालोचितः, नाऽस्त्यत्र सनातनधर्मानुयायिनां कश्चिद्विरोधः, तेन कृतमपि हस्ताक्षरं परावर्त्य सम्प्रति ताटस्थ्येन भाव्यमिति—

यह ग्रन्थ मैंने आद्योपान्त पढा, इसमें सनातनधर्मियों के लिये कोई विरोध की जगह नहीं है, इस लिये दशनामि महात्माओं की व्यवस्था पर किये हस्ताक्षरों को लौटा कर मैं तटस्थ होता हूं।

रामदेव शर्मा द्विवेदी,

विश्वविद्यालयीय र० सं० विद्यालयाध्यापकः।

४९—चराचरात्मकेऽस्मिन् संसारे खलु श्रीसनातनधर्मतत्पराणामखिलखलदुर्दान्तहृदयविदारकाणां महामहोपदेशकानामपि बहूपकरिष्यन्नयं श्रीस्वामिगंगेश्वरानन्दविरचितोग्रन्थः श्रौतमुनिचरितामृतनामा ममाऽपि हृदयमाल्हादयति यतः प्रतिवादिजनानां मुखभंगकरणाय विष्णोरवतारवादान् मूर्त्तिपूजाश्राद्धादीन् निखिलविषयान् श्रुतिस्मृतिपुराणैः सम्यक् प्रतिपादयति ग्रन्थोऽयमिति प्रमाणीकरोति।

स्थावर जंगमात्मक संसार में सनातनधर्म विरोधिदल के दांत खट्टे कर देने वाले स्वधर्मपरायण महामहोपदेशकोंका सर्वतोभावेन उपकार करता हुआ यह श्रौतमुनिचरितामृतग्रंथ मेरे मनकोभी अत्याह्लादित करता है, क्योंकि यह ग्रन्थ मूर्तिपूजा, श्राद्ध, अवतारवाद, आदि सनातन धर्मिविषयों का वेदादिसच्छास्त्रों से प्रतिपादन करता हुआ विपक्षियों को गहरीमार देता है।

K. T. C. I. E. इति लब्ध पदवीक,

राजा मोतीचन्दजी महानुभावस्य राजपुरोहित,

पं० द्वारिकानाथ त्रिवेदी।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

५०—श्रीमद्गंगेश्वरानन्दविरचितं श्रौतमुनिचरितामृतं सम्यगवलोकितं मया, पुस्तकमिदं सनातनधर्मरहस्यप्रतिपादकं वर्तते, नेदं सनातनधर्मविरुद्धमिति प्रमाणयति ।

श्रीमान् गङ्गेश्वरानन्द जी द्वारा बनाया श्रौतमुनिचरितामृत ग्रन्थ मैंने अच्छी तरह से देखा, यह पुस्तक सनातनधर्म के रहस्यों का प्रतिपादन करता है और सनातनधर्म के विरुद्ध नहीं है ।

पं० बलदेव मिश्रः
गायत्रीमहामण्डल संस्कृतविद्यालय यजुर्वेदप्रधानाध्यापक, काशी ।

५१—श्रीमन्माननीयानां विपश्चिद्विपश्चितामुदासीनवर्याणां गंगेश्वरानन्दमहोदयानाम् श्रौतमुनिचरितामृतमन्वर्थमतमवगाहते । यद्यपि स्वमतस्य मतान्तरापेक्षयोत्कर्षबोधनाय मतान्तरखण्डनमपि लेशतोजाजागर्ति—तथापि 'यत्परः शब्दः स शब्दार्थः, इति न्यायेन न तत्तात्पर्यविषयीभूतमितिसनातनधर्मानुयायिभिर्विद्वद्भिश्चोपयोगितया ग्राह्यमिति संमनुते ।

अर्थ—श्रीमान् परममाननीय स्वामी गंगेश्वरानन्दजी संकलित श्रौतमुनिचरितामृत की वास्तव में अन्वर्थ संज्ञा है, यद्यपि अन्य मतों की अपेक्षा से अपने मतका अधिक उत्कर्ष लिखा है, इस लिये 'जिस भाव के लिये शब्दों का प्रयोग किया जाता है वही शब्दोंका वास्तविक अर्थ है, इस न्याय से यह पुस्तक सनातनधर्मानुयायियों को ग्राह्य है ।

पं० चन्द्रशेखर मिश्रः ।
व्याकरणाचार्यः प्रधानाध्यापक खेतान विद्यालय काशी ।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

५२—अत्रार्थे संमतिः । वालकृष्ण शास्त्री व्या० आ०
खेतानविद्यालय-काशी ।

५३—अयं श्रौतमुनिचरितामृतग्रन्थो मूर्त्तिपूजा श्राद्धादि प्रतिपादकत्वेन सनातनधर्मानुगः इति ।

वालेश्वर उपाध्याय व्याकरणाचार्यः
प्रधानाध्यापक भगवानदास
डालूराम सं० पा० काशी ।

५४—श्रौतमुनिचरितामृतनाम के ग्रन्थ के विषय में मैंने आपाततः हस्ताक्षर कर दिये थे, वास्तव में देखने से यह ग्रन्थ सनातनधर्म के विषयों से परिपूर्ण तथा सनातनधर्मोपयोगी है ।

श्रीवलदेव ज्यौतिषी
हिन्दूविश्वविद्यालय काशी ।

५५—श्रीमदुदासीनवर्य स्वामी रामानन्द भगवत्पाद शिष्य वेददर्शनाचार्य श्रीगङ्गेश्वरानन्दश्रौतमुनिविरचितं श्रौतमुनिचरितामृतनामकं पुस्तकं सर्वथा सनातनधर्माविरुद्धं मूर्त्तिपूजादि समर्थकमिति प्रमाणयति ।

श्रीमान् उदासीनवर्य स्वामी रामानन्दमहाराज के शिष्य वेद दर्शनाचार्य श्रीगङ्गेश्वरानन्द श्रौतमुनि द्वारा वनाया हुवा श्रौतमुनिचरितामृत नामका पुस्तक किसी प्रकार भी सनातनधर्म के विरुद्ध नहीं है, किन्तु मूर्तिपूजादि का समर्थक है, यह प्रमाणित करता हूँ ।

महामहोपाध्याय पं० श्री अयोध्यानाथ शर्मा जी के
सुपुत्र रघुनाथ शर्मा ज्यौतिषाचार्य
प्रमोदपाठशाला, नईवस्ती, काशी ।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

५६—विहिताखिलसनातनधर्मप्रतिपादनेनायं श्रौतमुनिचरितामृत ग्रन्थोऽस्माकं सुष्ठु प्रतिभाति समवलोकनेन ।

अर्थ—इस श्रौतमुनिचरितामृत ग्रन्थ में सनातनधर्म के सभी विषयों का भलीभांति प्रतिपादन है, इसलिये हमें यह मनोहारी प्रतीत होता है ।

महादेवोपाध्यायः, साहित्याचार्यः,
नित्यानंदवेदविद्यालय साहित्याध्यापकः, काशी ।

वेददर्शनाचार्य श्रीमदुदासीनवर्य मंडलीश्वर स्वामि श्रीगंगेश्वरानन्दविरचितेऽस्मिन् "श्रौतमुनिचरितामृत" नाम्निपुस्तके सनातनधर्मसिद्धान्तप्रतिकूलं पदमेकमपि नो लभ्यते, नाऽपि कश्चिद्धर्माचार्य आक्षिप्तो वर्त्तते, अपि तु सर्वेषां सनातनधर्मप्राणभूतानां व्रततीर्थ, माहात्म्य, वर्णाश्रमव्यवस्था, श्राद्ध, मूर्तिपूजा, भगवदवतारादिविषयाणां वैदिकप्रमाणैः सोपपत्तिप्रतिपादनम्, समेषां च धर्माचार्याणां संक्षिप्तजीवनवृत्तान्तोपन्यासपुरस्सरं भूरिप्रशंसनं वरीवृत्यते, लेखकैःस्वकीय श्रौतोदासीनसम्प्रदायस्योत्कर्षस्त्वत्र वर्णितः, परं तन्न सनातनधर्मं विरुणद्धि, नापि कञ्चिदाचार्यमाक्षिपति, किं चैतन्निवंधनिर्माता सनातनधर्मस्य प्रचण्डप्रचारकः निबन्धश्चायं धार्मिकेतिहासजिज्ञासूनां महतीमुपकृतिमाधास्यतीति सम्मनुते ।

अर्थ—वेददर्शनाचार्य, उदासीनवर्य, मंडलेश्वर स्वामी गंगेश्वरानन्दजी के बनाये श्रौतमुनिचरितामृत नामक पुस्तक में सनातनधर्म के विरुद्ध एक शब्द भी नहीं मिलता और न किसी धर्माचार्य पर आक्षेप किया गया है । प्रत्युत सनातनधर्म के प्राणभूत व्रततीर्थ आदि का माहात्म्य, वर्णाश्रम की व्यवस्था, श्राद्ध, मूर्तिपूजा अवतार आदि सब विषयों का वैदिक प्रमाणों द्वारा तथा अकाट्य युक्तियों द्वारा प्रतिपादन किया गया है। सब धर्माचार्यों के जीवनचरित्र को लिखते हुए उनकी भूरि भूरि प्रशंसा की गई है । लेखक महोदय ने इसमें अपने श्रौत उदासीन संप्रदाय का उत्कर्ष तो अवश्य दिखलाया है, परन्तु इससे सना-

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

तनधर्म की हानि नहीं कही जा सकती, और न इससे किसी धर्माचार्य पर आक्षेप सिद्ध हो सकता है । इस ग्रंथ के निर्माता स्वामीजी तो सनातनधर्म के एक अद्वितीय प्रचारक हैं । इसलिये उनका बनाया यह ग्रंथ धार्मिक इतिहास के जिज्ञासुओं के लिये बड़ा उपकारक है, यह मैं प्रमाणित करता हूँ ।

पं० श्रीकृष्णशास्त्री व्याख्यानकेसरी,
पंचनदप्रान्तीयसनातनधर्मोपदेशक,
मण्डलप्रधान, लाहौर । भा० कृ० २–१९९०

१५८—श्रीयुत उदासीन प्रवर, वेददर्शनाचार्य, स्वामी गंगेश्वरानन्दजी मण्डलेश्वर विरचित श्रौतमुनिचरितामृतनामक ग्रन्थ तीर्थमाहात्म्य, व्रतमाहात्म्य, मृतपितरों का श्राद्ध, मूर्तिपूजा, वर्ण व्यवस्था, नाममाहात्म्य, ईश्वरावतार आदि सनातनसिद्धान्तों के मण्डन से भरा पड़ा है । अत एव ऐसा लिखने में कोई संकोच नहीं कि यह ग्रन्थ सनातनधर्म के विरुद्ध नहीं, अपि तु अनुकूल ही है । अभी हमने इसके कई स्थल देखे हैं जिनसे ग्रन्थकार के पाण्डित्य का पूर्ण परिचय मिल जाता है । इस ग्रन्थके लेखक स्वामीजी गुजरात, काठियावाड़, सिंध, विलोचिस्तान, सीमाप्रान्त, आदि प्रसिद्ध प्रान्तों में अपने अलौकिक भाषण से पर्याप्तख्याति प्राप्त कर चुके हैं । आपकी भाषणशैली बड़ी मधुर तथा सारगर्भित रहती है । सहस्रों मनुष्य आपके सदुपदेशों से सनातनधर्म

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

क सेवक बन चुके हैं, इसलिये धर्म जिज्ञासुमात्र को इस ग्रन्थसे लाभ उठाना चाहिये।

ह. पं० श्रीयदुकुलभूषण शर्मा व्याख्यानदिवाकर,
स्थानापन्न प्रधान सनातनधर्मप्रतिनिधिमहासभा,
कार्य क्षेत्र—पंजाब, सिंध, बिलोचिस्तान, सीमाप्रान्त, काश्मीर,
कार्यालय-रावलपिंडी।

१५९—श्रीमान् गोस्वामी यदुकुलभूषणजी से मेरा विशेष परिचय है, आपकी लिखी व्यवस्था से मैं भी सहमत हूँ।

ह० श्रीरामचद्रलाल आनरेरीमजिस्ट्रेट,
दर्जादोयम—रावलपिंडी।

१६०—श्रीसनातनधर्मो विजयतेतराम्।

वेददर्शनाचार्य श्रीमदुदासीनमंडलीश्वर स्वामि श्रीगंगेश्वरानंदजी के बनाये इस श्रौतमुनिचरितामृत ग्रंथमें सनातनधर्म के विरुद्ध एक पद भी नहीं, नहीं किसी धर्माचार्य पर कोई आक्षेप है। प्रत्युत इस ग्रन्थमें सनातनधर्मके प्राणस्वरूप व्रत और तीर्थों का माहात्म्य, वर्णाश्रम व्यवस्था, श्राद्ध, मूर्त्तिपूजा, भगवदवतारादि समस्तविषयों का वैदिक प्रमाणों से सयुक्तिक समर्थन किया गया है। और प्रायः सभी प्रसिद्ध साधु संप्रदायों के आचार्यों का संक्षिप्त जीवन एवं बड़ी प्रशंसा की गई है। हाँ ग्रन्थकर्ता ने अपने श्रौतउदासीनसंप्रदाय का उत्कर्ष वर्णन अवश्य किया है,

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

परन्तु वह सनातनधर्म का विरोध या किसी धर्माचार्य पर आक्षेप नहीं कहा जा सकता। ऐसा प्रायः सभी करते हैं। इस ग्रन्थ के लेखक सनातनधर्म के प्रबलप्रचारक हैं, और यह ग्रन्थ धार्मिक इतिहास के जिज्ञासुओं का नितान्त उपकारक है।

दियालशरण सेक्रेटरी
दी जुग्गीस्ट्रीट हिन्दू ऐसोसियेशन, रावलपिंडी।

१६१—यतोधर्मस्ततोजयः।

वेद दर्शनाचार्य श्रीमदुदासीनवर्य श्रीस्वामि गंगेश्वरानंदविरचित श्रौतमुनिचरितामृताभिधानोऽयं सन्दर्भः, वेदपुराणादिप्रतिपादितश्री-सनातनधर्मप्राणभूतवर्णाश्रमव्यवस्था, तीर्थव्रतमाहात्म्य, पितृश्राद्ध, अष्टविधप्रतिमापूजनधर्मविरोधिदुष्टदलदलनार्थभगवदवतारादिविष-याणां विशदरीत्या प्रतिपादकोऽस्ति। उदासीनसंप्रदायस्य तु परम-महत्त्वमत्रवर्णितं दृश्यते, तच्चास्य संदर्भस्य प्रधानभूतोविषयः। परं तत्राऽपि न केनाऽपि सनातनधर्मसिद्धान्तेन विरोधः प्रदर्शित इतिमन्यते।

अर्थ—वेददर्शनाचार्य, उदासीनवर्य, स्वामि गंगेश्वरानन्दजी महाराज का बनाया श्रौतमुनिचरितामृत ग्रंथ, वेद तथा पुराणों से प्रतिपादित, श्रीसनातनधर्म के प्राणभूत, वर्णाश्रमव्यवस्था, तीर्थ व्रत माहात्म्य, पितृश्राद्ध, अष्टविधप्रतिमापूजन, धर्मद्रोहि दुष्टसमूह को नष्ट करने के लिये हुए, भगवान् के अवतारों का वर्णन, इत्यादि नानाविध विषयों का बड़ी सरल रीति से प्रतिपादक है। इस ग्रंथमें उदासीन संप्रदाय का उत्कर्ष दिखाया, अपनी संप्रदाय में नवजीवन संचार करते हुए उसे उन्नत बनाना (जो कि प्रत्येक संप्रदायवाले

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

प्राणिमात्र का धर्म है) इस ग्रन्थ का प्रधान उद्देश्य है। पर उसमें भी सनातनधर्म के नियमों के विरुद्ध कुछ भी नहीं लिखा है। अतः यह ग्रन्थ सनातनधर्मियों का आदरणीय है, यह मैं मानता हूं।

भारतधर्ममहामंडलतो लब्ध महोपदेशक पदवीकः,

श्रीजगन्नाथ श्रीकण्ठशास्त्री।

१६२–श्रीस्वामी गङ्गेश्वरानंदजी का बनाया यह श्रौतमुनि चरितामृत हम सवने पढ़ा, उसमें सवविषय सनातनधर्म के पूर्णतया प्रतिपादकही मिले। स्वामी गंगेश्वरानंद जी सनातनधर्म के अद्वितीय प्रचारक हैं। श्रीराम वाग में स्वामी जी महाराज ने तीन मास लगातार सनातनधर्म के गूढ़विषयों पर सदुपदेशों द्वारा अमृतवर्षा करते हुए रावलपिंडी की जनता को कृतकृत्य करदिया। श्रीहरिमंदिर की कमेटी के सव सदस्य (हम लोग) सर्वसाधारण से निवेदन करते हैं कि यह पुस्तक सनातनधर्मानुकूल है। इसलिये सनातनधर्मियों को इसे अवश्य पढ़ना चाहिये।

श्रीशङ्करदास प्रधान हरिमन्दिर कमेटी, रावलपिंडी

१६३—उपप्रधान पंजावसिंधक्षेत्र, ऋषिकेश।

श्रीरामकिशन रावलपिंडी

१६४—श्रीवावा भागसिंहजी वेदी–रावलपिंडी।

१६५—श्रीगोपालदास प्रधान हरिमन्दिर रामकमेटी–रावलपिंडी।

१६६—श्रीमनोहरलाल सेक्रेटरी सनातनधर्म हरिमन्दिर रावलपिंडी।

१६७—फकीरचन्द्र " " " रावलपिंडी

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

१६८—पं० मायाराम ,, ,, ,, रावलपिंडी
१६९—श्रीविहारीलाल प्रेसिडेएट सनातनधर्ममहावीरदल शहर रावलपिंडी
१७०—श्रीरामरक्खामल सेक्रेटरी हरिमन्दिर रामकमेटी रावलपिंडी
१७१—श्रीमूलराज सेठ पेन्शनर रीडर रावलपिंडी

१७२—पूज्यपाद श्रीमंडलेश्वर स्वामी गंगेश्वरानन्दजी का बनाया श्रौतमुनिचरितामृतग्रन्थ देखकर उसकी प्रशंसा लिखे वगैर नहीं रह सकता, लेखनी की ताकत से वाहर है कि ऐसे Complete (मुकम्मल) Based on fact reasonable and based on historical research ग्रंथ के बारे में कुछ लिखे। ग्रंथपर आपका शुभनामही Greatest proof हर प्रकार के द्वेष व पार्टीवाजी वालायेताक रक्खा गया है। ग्रंथ हर हिन्दू, सिक्ख, साधु और Students of history के लिये एक रोशनी के मीनार का सा काम देता है। जैसे गहरे समुद्र में लगा रोशनी का मीनार, अन्धेरे में भी रास्ता दिखाकर डूबते हुए जहाजों को बचा लेता है, इसी प्रकार आपका ग्रन्थरूपी यह Research (खोज) भवसागर में डूब रहे प्राणिवर्गरूपी जहाजों को प्रकाश दिखा कर अभिलषित स्थान में पहुँचाने में काफी मदद करता है।

श्रीजगन्नाथ कौशल बी० ए०
इरिडयनस्टेट्सबैंक लिमिटेड
लायलपुर, हेडआफिस, आगरा।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

श्रीहरिः शरणम् ।

१७३–हमने वेददर्शनाचार्य श्री १०८ स्वामी गंगेश्वरानंदजीकृत श्रौतमुनिचरितामृत नामक ग्रन्थ के कतिपय स्थलों का आलोचन किया, तथा कई एक विद्वानों से इसके संवन्ध में विचार भी किया। और समाचारपत्रों में भी पढ़ा, इन सव वातों पर विचार करने के अनन्तर हम इस परिणाम पर पहुँचे कि उक्तग्रन्थ सनातनधर्म के सिद्धान्तों के प्रतिपादन में परम उपयुक्त है। और इस घोर कलिकाल में इस ग्रन्थकारने सैकड़ों ग्रन्थों का पर्यालोचन करने के वाद इस ग्रन्थ को रचकर सनातनधर्म की वड़ी भारी सेवा की है। जिससे सनातनधर्मीमात्र को ग्रन्थकार का हार्दिक कृतज्ञ होना चाहिये।

Diwan Krishnakor
Shiwalaya committeey
Dingikhuhi-Rawalpindi.

१७४—ह० श्री वेलीराम वाली (रायजादा) रावलपिंडी

१७५—मैनेजर श्री शिवालयकमेटी दीवान कृष्णकौर डिंगी खूही-रावलपिंडी ।

१७६—कार्यालयाध्यक्ष–श्रीसनातनधर्म प्रतिनिधि महासभा रावलपिंडी

१७७—प्रधानमंत्री हिन्दू सभा सदर रावलपिंडी

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

१७८—आयव्ययनिरीक्षक श्रीसनातनधर्म सभा रजिस्टर्ड
रावलपिंडी

१७९—प्रधान श्री सनातनधर्म धर्मशाला पंचायती मोहल्ला
ग्वालमंडी सदर रावलपिंडी

१८०—भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्री ऋषिकुलब्रह्मचर्याश्रम कटासराज

१८१—भूतपूर्व प्रधान श्री सनातनधर्मसभा सदर रावलपिंडी

१८२—भूतपूर्व बाजार सुपरिंटेण्डेण्ट सदर रावलपिंडी
इत्यादि ।

१८३—श्री १०८ स्वामी गंगेश्वरानंदजी ने अपनी पुस्तक श्रौतमुनिचरितामृत हमारे पास भेजी, हमने उसे यथावकाश तत्तत् स्थलों में देखा, देखकर मैं इस परिणाम पर पहुँचा, कि यह पुस्तक वास्तव में अमृत का भंडार है, और इसे पढ़कर ज्ञात हुआ कि इसके लेखक एक उच्चकोटि के बड़े धुरन्धर उदासीन विद्वान् हैं । आपने यह पुस्तक लिखकर सनातनधर्म की बड़ी भारी सेवा की है । मुझे रामबागमें आपके भाषण सुननेका भी सौभाग्य प्राप्त हुआ था, आपकी योग्यता, आपका पाण्डित्य, और धार्मिक प्रेम, जितना सराहा जाय उतना ही थोड़ा है । आपने सनातनधर्म के सिद्धान्तों को केवल अपने जीवनचरित्र द्वारा ही नहीं बल्कि बड़े प्रभावशाली शब्दों में लिखकर सर्वसाधारण के लिये अमृत-कुण्ड का आनन्द लूटने के लिये सुगममार्ग बना दिया है । मैं

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

आपका हार्दिक धन्यवाद करता हूँ। कि आनन्दकन्द भगवान् श्रीकृष्णचन्द्र जी की अपार कृपा है कि आप जैसे परोपकारी महात्मा इस कठिन समय में भी धर्म की निष्काम भावना से सेवा कर रहे हैं। जिससे हमें अपना जीवन सफल करने का सुअवसर और सौभाग्य प्राप्त होरहा है। भगवान् करे जिन शुभभावों और उद्देश्यों को लेकर आपने यह सत्र प्रयत्न किया है उसकी पूर्त्ति हो।

पं० लक्ष्मीनारायण सूदन
बी० ए० एल० एल० बी० एडवोकेट (वकील)
उपप्रधान सनातनधर्मसभा, रावलपिंडी।
ता० २४-९-३३

१८४-तत्सद् ब्रह्मणे नमः

श्री श्रौतोदासीन संप्रदायकल्पपादपो भगवता विष्णुना हंसवपुषाऽवतीर्य समारोपितः श्रीमत सनत्कुमार नारदप्रभृति मुनिपुंगवैश्च भूयसाऽयासेन सस्नेहं संवर्धितः, अयं च मुनिऋषिसेवकाभिधाभिस्तिस्राभिः शाखाभिरुपेतः– उदासीनशब्दो हि ब्रह्मसंस्थशब्दसमानार्थकत्त्वात् चतुर्थाश्रमि मुनौ शक्तस्तादृशसनत्कुमारादिप्रचारितवर्णाश्रमधर्मनियमकर्मयोगपंचदेवोपासनादिसिद्धान्तसंदोहमाद्रियमाणेषु तदनुयायिष्वितराश्रमिषु ऋषिसेवकेष्वपि भक्त्या प्रयुज्यते। संप्रदायस्यास्य मुनयश्चतुर्थाश्रमिणः सन्तोऽपि लोकसंग्रहार्थं भगवद् बहुमतं कर्मयोगं स्वयमनुतिष्ठन्तीतरैरनुष्ठापयन्ति च, अतएव

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

देवराजेन सममेषां सौहार्दम्—तच्च "इन्द्रोमुनीनां सखा, इति मंत्र-वर्णात् स्फुटमवगम्यते ।

कलिकालकवलिततया लुप्तप्रायं चेमं संप्रदायं सुगृहीतनामधेयानामविनाशिमुनिपादानां शिष्याः श्री श्रीचंद्राचार्यचरणाः षोड़श्यां वैक्रमशताब्द्यां पुनरुत्थापयाञ्चक्रिरे । अस्यां च विंशतितम्यां शताब्द्यां तत् संप्रदायशिरोरत्नायमान विद्यादिवाकर भारतभूषण महामहोपाध्याय स्वामि केशवानन्द मुनिमंडल संस्थापकमंडलेश्वर तर्कवागीश स्वामि भोलाराम मंडलेश्वर, वेदान्ताचार्य स्वामि मोहन लाल, निखिलशास्त्रनिष्णात स्वामि बालराममंडलेश्वर, सनातनधर्म मार्त्तण्ड हरिद्वारस्थ श्रीगुरुमंडलाश्रम संस्थापक व्याख्यानवाचस्पति स्वाम्यात्मस्वरूपशास्त्रि मंडलेश्वर, ब्रह्मविद्यामूर्त्ति स्वामि ब्रह्मानंद वीतराग स्वाम्यमरदास प्रमुखा महीयांसो विद्वांसो महामोहविद्रावणावोधध्वान्तमार्तण्ड श्रौतसर्वस्व गंगास्थित्यादि निवन्धनिर्माण प्रवचनशास्त्रार्थादिभिः परिपंथिनो मुद्रितमुखान् विधाय सनातन-धर्मस्य महतीं सेवां कृतवन्तः ।

साम्प्रतमपि पंडितप्रवर स्वामिहरिप्रकाश, विद्वद्मणी स्वामि परमानंद, वेददर्शनाचार्य स्वामि गंगेश्वरानंद मंडलेश्वर; प्राचीन नवीन न्यायाचार्य स्वामि रत्नदास मंडलेश्वर, विद्याभूषण स्वामी जीवन्मुक्त, वेदान्ताचार्य स्वाम्यसंगानंद, न्यायाचार्य स्वामि बुद्धि-प्रकाश, पुराणभास्कर स्वामिशान्तानंदादयो महानुभावाः पूर्व पुरुष-

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

निर्विशेषं सानुरागतां विदधते। अतः संप्रदायस्यैतस्य श्रौतत्त्वे पुरातनत्त्वे वा विप्रतिपत्तिः खपुष्पकल्पतामेवाकलयतीति सम्मन्नुते।

विद्याभास्कर पदवी प्रतिष्ठितो भार्गवोपाह्वः,
श्रीअमरनाथ शर्मा व्याकरणशास्त्री, स्नातकः—
श्रीऋषिकुलब्रह्मचर्याश्रम हरिद्वारस्य।

१८५—भारतधर्म महामंडलतो लब्धमहोपदेशक पदवीकः,
जगन्नाथ श्रीकण्ठ शास्त्री—
१९–९–३३

१८६—श्री गौरकृष्णः शरणम्।

काश्याम्, आ० व० १३ रवौ

कलियुगजनपावनावतारभक्तजीवजीवातुपरमपुमर्थप्रेमवितरणपरायणभगवच्छ्रीश्रीकृष्णचैतन्यचरणोपदिष्टैकवीथिपथिकश्रीमन्माध्वसंप्रदायाचार्यदार्शनिकसार्वभौमसाहित्यदर्शनाद्याचार्यतर्करत्नन्यायरत्न गोस्वामि श्रीदामोदरलाल शास्त्री।

श्रौतमुनिचरितामृतनामकनिवन्धमाक्षिप्नूनां विलक्षणमतीनामयथावर्त्तनैर्दूनचेतसमुदासीनत्त्वेनव्यवहृतमुदासीनसंघं प्रतीदमेवास्माकं कथनम्, यत् "अथावाच्यः सर्वः स्वमतिपरिमाणावधिगृणन्" नयमेतमनुसृत्य नामान्वर्थतामवलम्बतां भवान्। निर्दिष्ट पुस्तकस्थानेक सनातनधर्मानुसारिसमीचीनांशेपूपादेयतामुत्तिसादयन्नपीतरो न जातुफलेग्रहिर्भविता।

तन्निवंधस्य द्वितीयसंस्करणावसरे भवत्परिपंथिमुद्रित घोषणाया अन्तेऽस्मन्निर्दिष्ट तज्जातीयान्ये विषया निरसनीया, इत्येव कर्त्तव्यविहितये प्रियम्भावुकं भवन्तमनुरुणद्धि।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

॥ श्रीः ॥

१८७—श्रीमद्गंगेश्वरानन्द श्रौतमुनिप्रणीतं श्रौतमुनिचरितामृतं श्रुतिस्मृतीतिहासाद्यनेकग्रन्थपर्यालोचनजन्य प्रामाणिक नाना मुनिचरितवर्णनोपबृंहितम्, श्रुतिसिद्धश्राद्ध-मूर्त्तिपूजनाद्यनेकोपयुक्त विषयसमर्थनपरमास्तिकानां हृदये प्रमोदवृन्दमाविर्भावयतीति सोल्लासं निगदन्ति।

अर्थः—स्वामी गंगेश्वरानन्द श्रौतमुनिने श्रुति, स्मृति, इतिहास, आदि अनेक ग्रंथों का पर्यालोचन कर यह श्रौतमुनिचरितामृत ग्रन्थ बनाया है। जिसमें कि अनेक मुनियों के प्रामाणिक चरित्र वर्णित किये हैं। और यह ग्रन्थ वेदप्रतिपादित श्राद्ध मूर्त्तिपूजा प्रभृति अनेक उपयुक्त धार्मिक विषयों का समर्थक है, अतएव यह पुस्तक आस्तिक जनता को बड़ा आनन्द देता है, ऐसी हमारी राय है।

१८८—श्री पं० दीनबन्धुशर्मा लक्ष्मीवती विद्यालय प्रधानाध्यापकः मिथिला।

१८९—श्री पं० मधुसूदन मिश्र लक्ष्मीवतीविद्यालय प्रधानाध्यापकः।

१९०—श्री पं० जीवनाथ झा व्याकरणाचार्य साहित्यतीर्थः।

१९१—श्री पं० विष्णुलाल शास्त्री व्या० सा० तीर्थः।

१९२—श्री पं० बालकृष्ण झा व्या० न्या० आ० काली संस्कृतविद्यालय प्रधानाध्यापकः।

१९३—श्री पं० लम्बोदर झा व्याकरणाचार्य।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

१९४—श्री पं० भगीरथ शर्मा परमेश्वरीविद्यालय द्वितीयाध्यापकः ।

१९५—श्री पं० गंगाधरशर्मा अखिलदर्शनाध्यापकः ।

१९६—श्री पं० षष्ठीनाथ मिश्रः । शारदाभवन विद्यालयाध्यापकः ।

१९७—श्रौतमुनिचरितामृतनामा ग्रन्थः संन्यासोदासशब्दयोर्विवदमानोऽपि पाण्डित्यप्रचुरपरिकीर्ण इति प्रमाणयति ।

अर्थ—श्रौतमुनिचरितामृतनामा ग्रन्थ संन्यास शब्द तथा उदासीन शब्द के विषय में पौर्वापर्य विचार से विवादद्वारा पाण्डित्य परिपूर्ण है, इस बात को मैं प्रमाणित करता हूं ।

श्रीजनार्दन झा-ठाढ़ी परमेश्वरीविद्यालयस्य
प्रधानाध्यापकः

२९८—उक्तार्थमनुमोदयति श्रीसृष्टिनारायणशर्माऽपि-(वेदान्ताचार्य्यः) ।

१९९—श्रीमद्गङ्गेश्वरानन्द श्रौतमुनिचरितामृतं सनातनधर्मानुकूल मूर्तिपूजाद्यनेकविषयोपबृंहितं स्वमतप्रतिपादने प्रौढतां दर्शयन्सर्वेषामेव विदुषां नव्यार्थप्रदर्शकतया प्रमोदजनकमिति प्रमाणयति ।

अर्थ—श्रीमान् स्वामी गंगेश्वरानन्दजी संपादित श्रौतमुनिचरितामृत ग्रन्थमें सनातनधर्मानुकूल मूर्त्तिपूजादि अनेक विषयों का युक्तिपूर्ण प्रतिपादन है । स्वामीजी ने अपने सांप्रदायिक विषयों के प्रतिपादन करने में प्रकाश डालकर भी अपनी प्रौढ़ता का परिचय दिया है, जो कि सभी विद्वानों के लिये हर्ष का कारण है ।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

२००—अत्र विषये कृतसंमतिको झंझारपुरस्थ विद्यालय प्रधानाध्यापकः। रविनाथ शर्मा मुरलीधर झा० व्या० आ०

२०१—श्रीमदुदासीन श्रीस्वामी गङ्गेश्वरानन्दजी महाराज ने "श्रौतमुनिचरितामृतम्" पुस्तक लिखकर न केवल भारतवासियों पर उपकार किया है, किन्तु संस्कृत और हिन्दी भाषा पर भी। दुर्भाग्य वश चक्षुहीन होने पर भी पण्डित जी ने अपने आन्तरिक ज्ञान व दूरदृष्टि से वह सत्य उपदेश दिया है, जो बहुत सी आँखें रखने वालों के लिये साधारण बात न थी। उदासीन संप्रदाय के साधु धर्मविद्या का प्रचार नहीं करते, इस कथन को झूँठा कर दिया। और संन्यासाश्रम (उदासीन सम्प्रदाय) जैसे गम्भीर विषय के विवेक को सरल हिन्दी भाषा में प्रगट किया है।

यह पुस्तक चतुर्थ आश्रम संन्यास (औदासीन्य) के अटल नियम का तत्त्वज्ञान है। संन्यासधर्म (औदासीन्य धर्म) की महिमा और संन्यासियों (उदासीनों) की आवश्यकता को भारतीय इतिहास के वास्तविक घटनाओं से श्रुति स्मृति और उपनिषद् द्वारा भली भाँति प्रमाणित किया है। इसमें किसी अन्य धर्मावलम्बियों पर आक्षेप नहीं है, इस लिये किसी और सम्प्रदाय या मत को विरोध न करना चाहिये। वस्तुतः सनातनधर्म के मुख्य नियमों मूर्तिपूजा श्राद्ध अवतार और मुक्ति वगैरह की सहानुभूति की है। इस लिये सनातनधर्मी भाइयों के विरोध का कोई कारण नहीं पाया जाता।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

सारांशः—यह पुस्तक अपने ढंग की एक ही है-धर्म आसक्त इसको अवश्य पढ़ेंगे ।

PANDOJI RAO DHAGE, M. A. B. L.
Vakil, High Court,
RIKAB GANJ, HYDERABAD. (Deccan)
Date. 3th. Sept. 1933.

२०२—मैंने मण्डलेश्वर श्री स्वामी गङ्गेश्वरानन्दजी कृत "श्रौतमुनिचरितामृत" पुस्तक को पढ़ा है, मेरी राय में इस किताब में सनातनधर्म के विरुद्ध कोई ऐसी बात नहीं लिखी गई है, जिससे कि किसी को भी विप्रतिपत्ति हो सकती हो, जिस व्यक्ति को गुरु श्रीचन्द्रजी महाराज पर विश्वास या ऐतक़ाद है, वो उनको जगद्गुरु मानने का हक़ या अधिकार रख सकते हैं। इस तरह किसी के मानने से किसी भी धर्म पर कोई आक्षेप नहीं हो सकता, यह अपने २ विश्वास पर निर्भर है—

ह० नारायणदत्त ।

Dr. NARAIN DATTA A. V. A. (Kang)
Eye Specialist (Bombay)
Physian & Dental Surgeon.

Near Impirial Bank
Hydrabad Deccan
Dated. 31/9/1933.

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

२०३—"श्रौतमुनिचरितामृत" को आद्योपान्त पढ़ने से ज्ञात होता है कि इसके लेखक उदासीन महात्मा पं० गङ्गेश्वरानन्द जी वेददर्शनाचार्य सनातनधर्मशास्त्र के प्रकाण्डपण्डित नीति-शास्त्र के धुरन्धर विद्वान् वर्तमान सुज्ञपथप्रदर्शक और उदासीन संप्रदाय के जगमगाते सितारे हैं। पुस्तक में सनातनधर्म का भलीभाँति प्रतिपादन किया गया है, साथ ही धर्मनीति पर भी पर्याप्त प्रकाश डाला गया है। उदासीन संप्रदाय सृष्टि के आरम्भ-काल से प्रचलित है, इसे सिद्धकरने के लिये हमारे माननीय श्रुति-स्मृति इतिहास पुराणादि शास्त्र तथा रामायण श्रीभागवतादि सभी धार्मिकशास्त्रों के अनेक प्रमाण उपलब्ध हैं। महात्माजी ने 'गागर में सागर, की कहावत को चरितार्थ करने की चेष्टा की है। वस्तुतः सृष्टिक्रमके आरम्भ से सनकादिक उदासीनधर्म धारण का स्पष्टीकरण यथा क्रम देव और देवऋषियों इन्द्रादि देवताओं का अभ्युत्थानक विषय परमात्मा का साकार निरूपण, पुरुषोत्तमभगवान् श्रीरामचन्द्र लीलापु०भगवान् श्रीकृष्णचन्द्र का अवतार, मूर्त्तिपूजादि सिद्धि, श्राद्धकर्ममण्डन, मातृ पितृ भक्ति, गुरु आदि की अनन्योपासना, आदि विविध विषय सनातनधर्म प्राण जनता के असीम आनन्द श्रद्धा, भक्ति, रुचि के कारण हैं। अतः प्रत्येक शिखासूत्र धारी, नहीं, नहीं प्रत्येक स्वाभिमानी हिन्दूनामधारी अधिकारी के प्रति अनुरोध करता हूँ

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

कि उक्त पुस्तक को सप्रेम पढ़कर धार्मिक लाभ उठाकर हृदय को शान्त करें। मैं लेखकमहानुभाव को धन्यवाद देकर प्रार्थना करता हूँ कि इसी भाँति धर्म के पोषक और देश जाति को जगाने वाले लेख भविष्य में भी लिखने की कृपा करते रहें। परिशिष्ट में मेरा अनुमान है कि सनातनधर्मी जनता इस पुस्तक से अवश्य आनन्द प्राप्त करेगी, परन्तु दुराग्रही और क्रूरात्मा पुरुष इसके प्रवाहों के गह्वर तरङ्गों में डूब जायँगे। ईश्वर प्राणी-मात्र का कल्याण करें।

श्री पं० राधाकृष्णजी व्या० न्या० आ०।

२०४—वैद्यराज श्री पं० रामकृष्ण शर्मा; रामकृष्ण फार्मेसी, उर्दू शरीफ, हैदराबाद दक्षिण।

२०५—श्रीमान् स्वामी गङ्गेश्वरानन्द जी विरचित श्रौतमुनि-चरितामृतनामक पुस्तक देखा, मेरे विचार से इसमें कोई वात सनातनधर्म के सिद्धान्त के प्रतिकूल नहीं है, क्योंकि सामान्यतौर-पर निम्नलिखित सिद्धान्तों के मानने से मनुष्य या समाज सना-तनधर्मी कहलाता है।

१—वेदों को ईश्वरीय ज्ञान, और अनादि अनन्त जानना।

२—पुनर्जन्म के साथ साथ स्वर्ग और नरक के अस्तित्व को मानना।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

३—अवतारों को मानना तथा इस परम्पराको अनन्त मानना।

४—देवताओं और पितृओं का अस्तित्त्व मानना।

५—मूर्त्तिपूजा, श्राद्ध और तीर्थों में श्रद्धा रखना।

उपरोक्त पुस्तक में इन सब विषयों का प्रतिपादन किया गया है। इसलिये यह पुस्तक सनातनधर्म के अनुकूल है। अव तलक जनता में यह भ्रम फैला हुआ था कि उदासीन संप्रदाय अवैदिक है। परन्तु श्रीमान् गंगेश्वरानन्दजी ने अच्छी तरह से यह भ्रम दूर करके यह सिद्ध कर दिया कि—उदासीन संप्रदाय वैदिक सम्प्रदाय है। इसलिये सब सनातनधर्मियों को आनन्दित होना चाहिये।

श्रीमान् स्वामीजी का यह प्रयत्न वहुत ही धन्यवाद के योग्य है। श्रीगुरु श्रीचन्द्रजी महाराज को जगद्गुरु लिखने में कोई बुराई नहीं है। क्योंकि सब आर्य और अनार्य संप्रदायवाले अपने आचार्य को जगद्गुरु लिखते हैं। इससे जगत् की कोई हानि नहीं है। किसीको जगद्गुरु मानना किसी को न मानना यह प्रत्येक मनुष्य की श्रद्धा का विषय है। सनातनधर्म के सिद्धान्तों से इसका कोई संबन्ध नहीं।

आ० शु० ६ सोमवार } माधवलाल छगनलाल पंड्या
हैदराबाद दक्षिण।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

॥ श्री हरिः ॥

२०६—प्रभो ! सचमुच यह सनातनधर्मियों का परम सौभाग्य है, कि जो आपके समानपूज्य महात्मा साधु इस विकराल कलिकाल के अन्धकार पूर्ण समय में भी अपना कर्त्तव्य पालन करते हुवे, हम सांसारिक जीवों का कल्याण कर रहे हैं। वर्त्तमान समय में ऐसे परोपकारी साधु बहुत कम संख्या में प्राप्त होते हैं। जो कि (साध्नोति परकार्यमिति साधुः) इस लक्षण को सफलता पूर्वक निभाते हों। परमपूज्य स्वामी जी नें श्रौतमुनिचरितामृत नामक ग्रन्थ लिख कर न केवल उदासीन सम्प्रदाय का मुख उज्वल किया है बल्कि सनातनधर्म को गौरवान्वित करते हुवे उसकी विजय वैजयन्ती को संसार के सन्मुख उपस्थित किया है। पूज्य स्वामीजी की परम विद्वत्ता और प्रकाण्ड पाण्डित्य एवं सनातनधर्म में अगाध श्रद्धा उपरोक्त के अवलोकन से भली भांति अनुभव की जा सक्ती है। जगदीश्वर से प्रार्थना है कि पूज्य स्वामीजी इसी प्रकार सनातनधर्म का प्रचार करते हुवे चिरंजीवी हों।

भवदीय—हरिनारायण शर्म्मा मन्त्री
श्रीसनातनधर्मसभा
बेगम बाज़ार, हैदराबाद दक्षिण।
मि० आश्विन शु० ७ सं० १९९०

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

॥ श्री राधाकृष्णाभ्यां नमः ॥

२०७—हमको उदासीन सम्प्रदायीमहात्माओं से ज्ञात है, और श्रौतमुनिचरितामृत पुस्तक देखने से भी स्पष्ट प्रतीत होता है कि यह पुस्तक सनातनधर्म के विरुद्ध नहीं बल्कि अनुकूल है, इस में सनातनधर्मप्राण हिन्दुजनता के लिये साकारनिरूपण, मूर्त्ति-पूजा, श्राद्धमण्डनादि विविध विषय गौरव की सामग्री है। मैं इस पुस्तक का समर्थन मुक्तकण्ठ से करता हूँ और प्रत्येक सनातनधर्मी पुरुष इसका अनुमोदन करेगा।

हस्ताक्षर, महन्त रणछोड़दास जी वैष्णव,
मन्दिर नृसिंहजी हैदराबाद, दक्षिण।

२०८—महन्त भगवान् दास जी वैष्णव जि० वीड़।

॥ श्री हरिः ॥

२०९—श्रौतमुनिचरितामृत पुस्तक देखने से मालूम हुआ है कि सनातनधर्म के लिये यह वस्तु उत्तम है, इसमें कोई शब्द सनातन-धर्म के विरुद्ध नहीं है। गुरुजनों के भक्ति की रक्षा करने का अच्छा मार्ग बतलाया है। मैं हर एक सनातनीभाई से प्रार्थना करता हूँ कि इस पुस्तक को पढ़ें और अमल करें। इसके रच-यिता स्वामी गङ्गेश्वरानन्दजी उदासीन को धन्यवाद देता हूँ।

लाला निरंजनलालजी श्रीजगन्नाथमन्दिर
राजा बद्रीप्रसाद सोहनलाल,
कोतागली है० द०

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

२१०—समर्थनपत्रम्
श्रीकान्यकुब्ज नवयुवक सभा
हैदराबाद, दक्षिणप्रान्त

मि० आश्विनशुक्ल २
सं० १९९० गुरुवार

श्रीमान् स्वामी गंगेश्वरानन्दजी महाराज मंडलीश्वर विरचित श्रौतमुनिचरितामृत ग्रन्थ के प्रतिपादित विषयों का हमने आलोचन किया। इसमें सनातनधर्म के सिद्धान्तों का प्रबल मंडन मिलता है। जिससे ग्रन्थ स्वयमेव "यथा नाम तथा गुण:" प्रमाणित होता है।

ग्रन्थकर्त्ता ने पूर्णश्रद्धा से तीर्थमहिमा, मूर्तिपूजा, श्राद्ध, वर्णव्यवस्था, ईश्वरावतार, आदि सिद्धान्तों को अनेक प्रमाणों द्वारा प्रौढ एवं पुष्ट किया है। इससे न केवल उदासीन संप्रदाय, अपितु सनातनधर्मी भी स्वामी जी के ऋणी हैं।

ऐसे तो संसार में "वीतरागजन्मादर्शनात्" के प्रमाणानुसार रागद्वेषादि का चक्र तो चलता ही है, परन्तु ग्रन्थ के मुख्यभाव पर ध्यान देने से "सुपुप्तस्य स्वप्रादर्शने क्लेशाभावादपवर्ग:" के अनुकूल अन्य महानुभावों का विरोध शीघ्र ही दूर हो जायगा। अस्तु इस ग्रन्थ के समर्थन में लेखनी उठाना यथार्थ में 'दिवाकर के आगे दीपक बतलाना है'। तथापि संक्षिप्त में यह कहना अनुचित न होगा कि "श्रौतमुनिचरितामृत" ग्रन्थ हिन्दूजाति का जीर्णोद्धार एवं सनातनधर्मियों के मनको प्रफुल्लित कर रहा है। यथा—

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

पद्माकरं दिनकरो विकचीकरोति ।
चन्द्रो विकासयति कैरवचक्रवालम् ॥
नाऽभ्यर्थितो जलधरोऽपि जलं ददाति ।
सन्तः स्वयं परहिते सुकृताभियोगाः ।

अन्त में प्रत्येक सनातनधर्मावलंवियों से निवेदन है कि श्रौत-मुनिचरितामृत को अवश्य पढ़ें । ॐ शान्तिः ।

पं० भवानीप्रसाद मिश्र
प्रधानमंत्री श्रीकान्यकुब्ज नवयुवक सभा—
हैदराबाद, दक्षिणप्रान्त ।

२११—सत्यनारायणप्रसाद मिश्र,
प्रवंधक सभा हैदराबाद, दक्षिणप्रान्त ।

॥ श्री जगन्नाथो जयति ॥

२१२—मुझे वहुतवार उदासीन महात्माओं से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुवा है। और कुम्भ स्नान के अवसरपर तो प्रायः सत्संग होता ही रहता है। उनके वार्त्तालाप और विचारों से तथा उदासीन महात्मा पं० गङ्गेश्वरानन्दजी के वनाये (श्रौतमुनिचरितामृत) नामक पुस्तक देखने से स्पष्ट है कि यह पुस्तक सनातनधर्म के अनुकूल है । इसमें सनातनधर्म के विरुद्ध कुछ नहीं लिखा है, बल्कि यह पुस्तक सनातनधर्म की उन्नति की सामग्री है, संसार में जितनी सम्प्रदायें विद्यमान हैं उन्हों ने अपने २ पथ

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

प्रदर्शक गुरुजनों को भगवान् का दरजा दिया है। वास्तव में यह ठीक है।

महन्त बालमुकुन्द दास वैष्णव (जगन्नाथद्वारा)
इमलनिन, चादरघाट, है० द०

२१३—उपरोक्त मैं स्वीकार करता हूँ।

द० म० माधवदास वैष्णव

॥ श्रीः ॥

२१४—श्रौतमुनिचरितामृत नामक ग्रन्थ को आद्योपान्त मैंने देखा, जिसको कि श्रीमान् पण्डितवर गङ्गेश्वरानन्दजी उदासीन उपदेशक सनातनधर्म ने अपने मुख से वेदशास्त्र, पौराणमतानुसार उनका सारलेकर बड़े परिश्रम से निर्माण किया है। इस ग्रन्थ में कोई विषय स० धर्मके विरुद्ध नहीं है। जैसे कि श्राद्धविषय, मूर्त्ति-पूजन और अवतारविषयादिक में कोई शब्द उपघातक के नहीं हैं।

क्रिमधिकमिति ह० देवकीनन्दन शर्मा काशीप्रान्तस्थ
दालमुका, हैदराबाद।

॥ श्रीः ॥

२१५—'श्रौतमुनिचरितामृत, ग्रन्थ, विरचित श्रीमदुदासीन स्वामी पण्डित गङ्गेश्वरानन्दजी महाराज मण्डलीश्वर का मैंने अवलोकन किया, इस ग्रन्थ में सनातनधर्म के जिन गूढ रहस्यों को वेदशास्त्र पुराण के प्रमाणद्वारा उद्धृत किया है। वास्तव में श्लाघायोग्य है! सत्य तो यह है कि सनातनधर्म पर आनेवाले

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

अन्धकार आक्षेपों को हटाने के लिये यह ग्रन्थ दिनेशशक्ति रखता है। ग्रन्थ का कोई भी अक्षर सनातनधर्म के विरोध में नहीं है। मेरे विचार में ,इस ग्रन्थ के प्रतिपादित विषय मानव समाज के हितकर और सनातनधर्मियों पर बृहत उपकार कर रहे हैं। इति शुभम्—

सि० आश्विन शुक्ल ३ सं० १९९०
पं० रामलाल शुक्ल
इलाखे राजाराज्यपान राजाशिवराज धर्मवन्तवहादुर,
वैकुण्ठ-बाहरि।

२१६—उदासीनधर्मधारी अनेक साधु विद्वानों के समागम के पश्चात् प्रयागराज कुम्भ में साधुमेला के प्रधान महात्मा महंत हरिनामदासजी से भेंट हुई। उनके कई ग्रन्थोंका अवलोकन किया, और भी कई पुस्तकें इस संप्रदाय की देखने में आई हैं। परन्तु उदासीन पं० गङ्गेश्वरानन्दजी संग्रहीत पुस्तक श्रौतमुनिचरितामृत उन सबसे अद्भुत है। यह पुस्तक साक्षात् रूपेण सनातनधर्म की वाङ्मयीमूर्त्ति है। पुस्तक के प्रमाण माननीय हैं। उदासीन सृष्टि के आरम्भकालसे प्रचलित हैं। इसके प्रादुर्भाव को हमारे पूज्य सनकादि, वशिष्ठ, भरद्वाज, गौतम, याज्ञवल्क्य, लोमश, अंगिरा, नारदादि, पूर्वज और सायनाचार्य स्वामी शंकराचार्य प्रभृति, ऋषि महर्षिगण और अधिक क्या विश्व नियन्ता के अवतार मर्यादापुरुषोत्तमभगवान् श्रीरामचन्द्र, बृजविहारी लीलापुरुषोत्तम, श्रीकृष्णचन्द्र भगवान् ने भी उदासीनमहत्व को अपनाया है। इसके असंख्य प्रमाण हमारे माननीय ग्रन्थों में उपस्थित हैं।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

तदुपरान्त अगणित उच्चात्मायें जयमुनि, अविनाशीमुनि, अलिमत्तमुनि, गुरुश्रीचन्द्रयति निर्वाणप्रियतमदास, भगवान् वनखण्डी, श्रीकेशवानन्दादि के स्वरूप में आये, इन्हों ने संसार के कल्याणार्थ अनेकानेक वाणियों से उदासीन भगवद् रूपका दिग्दर्शन कराया है। उनके प्रति हम कोटिशः धन्यवाद करते हैं। किम्बहुना मैं इस ग्रन्थकर्त्ता को सहर्ष धन्यवाद देता हुवा नम्र निवेदन करता हूँ कि भविष्यमें भी इसी भांति अपनी लेखनी धर्म और देशहित के लिये चलाते रहें।

ह० गौड़ सरदार पं० कृष्णभास्कर शर्मा,

पत्थरपुटा, श्रीवृन्दावनधाम जि० मथुरा।

२१७—पं० स्वामी गङ्गेश्वरानन्दजी की बनाई हुयी श्रौतमुनि-चरितामृत पुस्तक को मैंने ध्यान पूर्वक पढ़ा। उपरोक्त पुस्तक हर प्रकार से सनातनधर्म के सिद्धान्तों का समर्थन करती है। और यह सनातनधर्म के सिद्धान्तों के आधार पर ही बनाई गई है। असल बात यह है कि श्रीगुरु श्रीचन्द्रजी अद्वितीय व्यक्ति उन प्रभावशाली सुधारक आचार्यों में से हैं, जिन्होंने इस धर्मकी जड़ें इतनी पक्की कर दी हैं कि वह प्रलयतक नहीं उखेड़ी जासकतीं। वह सर्व प्रकार से जगद्गुरु थे, और प्रत्येक हिन्दू अपने पूज्यगुरु को जगद्गुरु की उपाधि देता है।

वालाप्रसाद जागीरदार,

हैदराबाद दक्षिण।

तारीख २६–सन् १३४२ फसली।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

२१८—कृष्णचन्द्रराय सक्सेना—

प्रोफेसर जामे उसमानिआ कालेज़,

हैदराबाद, दक्षिण ।

श्रीस्वामी गङ्गेश्वरानन्दजी महाराज मंडलीश्वर की बनाई हुई श्रौतमुनिचरितामृत नाम की पुस्तक मेरे दृष्टि गोचर हुयी । इसमें कोई ऐसी बात नहीं लिखी है जो सनातनधर्म के सिद्धान्तों से विरुद्ध हो । प्रत्युत पुस्तक लिख कर लेखक ने प्राचीन धर्म की सेवा की है ।

ह० कृष्णचन्द्रराय सक्सेना,

ऋषीकेश, हैदराबाद, दक्षिण ।

३०-९-३३.

२१९—श्रीमान् पूज्य स्वामी गंगेश्वरानन्दजी महाराज की बनाई हुयी श्रौतमुनिचरितामृत पुस्तक को मैंने आदि से अन्ततक अक्षरशः ध्यान पूर्वक पढ़ा । मेरी समझ में यह पुस्तक किसी प्रकार से भी सनातनधर्म के विरुद्ध नहीं है । इस पर भी यदि किसी सनातनधर्मी भाई को संशय है तो समझिये उसने पुस्तक के विषय को नहीं समझा । नहीं तो संशय न करता । मेरी समझ में प्रत्येक ऐसा गुरु (जो कि दुनिया को साधारणतया सुख शान्ति और ज्ञान का सार्वजनिक उपदेश दे) जगद्गुरु कहा जा सकता है । श्रीगुरु श्रीचन्द्रजीमहाराज के उपदेश से सर्व जगत् सुख, शान्ति और ज्ञान, प्राप्त कर सकता है, इस लिये श्रीगुरु श्रीचन्द्रजी महाराज वास्तव में जगद्गुरु हैं । मैं इस उत्तम रचना के लिये बधाई देता हूँ ।

सतगुरुप्रसाद वकील दर्जा अव्वल,

मुहल्ला हुसैनी अलम, हैदराबाद, दक्षिण ।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

मरासला अज दफ्तर

खत्री महासभा; हैदराबाद, दक्षिण ।

२२०—सेक्रेटरी खत्री महासभा हैदराबाद दक्षिण की ओर से

सेवामें श्रीस्वामी पं० गङ्गेश्वरानन्दजी महाराज ।

विषय—"श्रौतमुनिचरितामृत का समर्थन"

हमारी सभा के प्रतिष्ठित सभा सदस्यों ने श्रौतमुनिचरितामृत नामक पुस्तक को सर्वथा ध्यानपूर्वक पढ़ा, पूर्वोक्त पुस्तक के विषय में सभा की सर्व सम्मति यह है कि श्रौतमुनिचरितामृत में कोई विषय या शब्द ऐसा नहीं है, जो कि सनातनधर्म के सिद्धान्तों में विरुद्ध हो, प्रत्युत यह पुस्तक सनातनधर्म के प्रत्येक सिद्धान्त को इस अत्युत्तम रूप से प्रतिपादन करती है कि—एक नास्तिक भी पढ़ने के अनन्तर आस्तिक बने बिना नहीं रहसकता, सच तो यह है कि स्वामीजी महाराज ने अत्यन्त परिश्रम से यह पुस्तक निर्माण की है उसका ज्ञान पुस्तक पढ़ने से ही हो सकता है। इस लिये हम इसके विषय में स्वामीजी महाराज को हार्दिक धन्यवाद देते हैं। और प्रत्येक सनातनधर्मी भाई से प्रार्थना करते हैं कि इस पुस्तक को अवश्य पढ़ें।

नायब सदरनशीन कृष्णप्रसाद मनसवदार जज़ी

देवीप्रसाद मगनचंद वेदी

२-१०-३३

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

२२१—सन्तनारायण चोपड़ा सेक्रेटरी।

Youngmens. Kayesth
UNION
HYDERABAD
Dat. 1. oct. 1933

G. C. DASS, SAXENA
Secretary

हम और हमारी सभा के सदस्यों ने स्वामी पं० गङ्गेश्वरानन्दजी की बनायी हुई श्रौतमुनिचरितामृत नामक पुस्तक को ध्यानपूर्वक पढ़ा है। इसलिये हमारा विचार है कि उक्त पुस्तक हर प्रकार से सनातनधर्म की समर्थक होती हुई उसीके अनुसार है। हमारी सभा एक शुद्ध सार्वजनिक होते हुए भी दृढ़ता से सनातनधर्मपर स्थित है। इसके मेम्बरों में हैदरावाद के सुप्रसिद्ध पं० और योग्य आचार्य हैं। जिनका विचार इस विषय में अन्तिम माना जा सकता है जैसा कि इन पंडित महानुभावों की राय भी सर्वथा यही है जो ऊपर लिखी गई है।

प्रत्येक हिन्दू अपने आचार्य को जगद्गुरु कहता है, ऐसा कहने का उसको अधिकार है। इसलिये ऐसे सुधारक आचार्यों को (जिनमें श्रीगुरु श्रीचन्द्रजी को प्रथमश्रेणी में स्थान मिलता है) जगद्गुरु कहना किसी अवस्था में भी विरोधजनक नहीं हो सकता। प्रत्युत सर्वथा उचित ही है॥ इति॥

ह० जेनरल सेक्रेटरी
यंगमैन कायस्थ यूनियन
हैदराबाद दक्षिण।

SRI JAGADGURU VISHWARADHYA
JNANA SIMHASAN JNANAMANDIR
LIBRARY
Jangamawadi Math, Varanasi
Acc. No. 170
CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

☜ هزاکسیلینسی راجه راجایان راجه سر کشن پرساد مهاراجه
بہادر یمین السلطنت بھارت بھوشن
کے—سی—آئی—اي—جي—سی—آئی—اي
پیشکار وصدر اعظم باب حکومت سرکار عالی
حیدرآباد دکھن +

ارجن بھون—لوال
۲۱ سیتمبر ۱۹۳۳ع

اِس فقیر نے شروت‌منی چریتامرت مصنفه سوامي گنگیشورانند اُداسی کا معائینه کیا اور بعض پنڈتوں کو بھي دیکھایا- اِسمیں کوئي بات سناتن دھرمیوں کے خلاف نہیں پائي جاتی- جن پنڈتوں نے دیکھا آنکا بھي یہی بیان ھے +

گورو شریچندرجي مہاراج کو عقیدتمندوں نے جگت گورو کہا تو یه کوئي قابل اِعتراض بات نہیں- ھرعقیدتمند کو اپنے گورو یا مرشد کو جگت‌گرو کہنے کا مجاز ھے +

فقط

دستخط
کشن پرساد یمین السلطنت

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

Arjun Bhawan alwal

Dated 21 Sept. 1933

His Excelency Raja Rajayan Raja
Sir Krishna Prasad maharaja Bahadur
Yaminul saltanat Bharat Bhushan
K. C. I. E. G. C. I. E.
Peshkar Sadar Ajam
Bab Hukumat Sarkar Ali.

Hydrabad (Deccan.)

This Fakir has read the book styled as Shrautmunicharitamrit written by swami Gangeshwaranandaji Udasin, and showed to many other pandits as well. There is nothing in this book against Sanatan Dharmis. This is also the opinion of those pandits who have read it, Those, who reveren to Guru Shri chandraji maharaj. call him as Jagadguru, of course this is not objectionable in any way, Every follower has right to call his guru as Jagadguru.

Sd. Krishna Prasad

Yaminul Saltanat.

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

अर्जुन भवन अलवाल,

२१–९–३३ ई० ।

श्रीस्वामी गंगेश्वरानन्दजी उदासीन की बनाई हुयी श्रौतमुनिचरितामृत पुस्तक को इस फकीर ने पढ़ा । और कई एक पण्डितों को भी दिखलाया । इसमें कोई बात सनातनधर्मियों के विरुद्ध नहीं देखने में आई । जिन पण्डितों ने इस पुस्तक को पढ़ा उन की भी उपरोक्त सम्मति है, गुरु श्रीचन्द्रजी महाराज को यदि मानने वाले श्रद्धालुओं ने जगद्गुरु कहा है तो यह कोई आक्षेप जनक बात नहीं । प्रत्येक श्रद्धावान् अपने गुरुको जगद्गुरु कहने का अधिकार रखता है ।

हिज़ ऐक्सिलैंसी राजा राजायान् राजा

सर श्री कृष्णप्रसाद महाराजा बहादुर ।

यमीनुल् सल्तनत् भारतभूषण,

के० सी० आई० ई०, जी० सी० आई० ई० ।

पेशकारव्सदर आज़म बाबहुकूमत,

सरकारआली, हैदराबाद, दक्षिण ।

नोट— शीघ्रता के कारण जिनके हस्ताक्षर अमुद्रित हैं वह क्षमा करें, क्योंकि द्वितीयावृत्ति में वह भी प्रकाशित होंगे । ता. ९–१०–१९३३ ई.

JNANA SIMHASAN JNANAMANDIR
CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri
LIBRARY
Jangamawadi Math, Varanasi

* विज्ञप्ति *

" विवान्तेऽपि [illegible] सङ्ग्रामेषु रुवत्स्वपि

न ते धर्मे [illegible] प्रशंसकः ॥"

सज्जनों ! १९३२ ई० [illegible] साधु जयेन्द्रपुरिजी [illegible] धार्मिक–कार्य में भाग [illegible] और से किसी धार्मि[illegible] आदि में ही सहयोग [illegible] कोई धार्मिक हित [illegible] तो जयेन्द्रपुरि जी जनता [illegible] के लिये प्रमाण दें।

इसी वर्ष जयेन्द्रपुरि[illegible] घर में एक सभा करके एक संप्रदाय के विरुद्ध [illegible] के लिये इन्होंने अहिन्दुओं तक के साथ अनुचित [illegible] लिया। हिन्दु समाज के विरुद्ध अहिन्दू समाज [illegible] से भड़काना किसी धार्मिक सभ्य हिन्दू का कर्तव्य नहीं है। [illegible] नहीं जानता कि आप इस वर्ष हिन्दू संप्रदायों में परस्पर [illegible] बीज आरोपण करके पर्वतों में चले गये थे। आपकी अनुपस्थिति में स्वा. रामपुरिजी महाराजने शान्ति स्थापन करने के लिये संधि–चर्चा चलाई थी, परन्तु आपके काशी में पदार्पण करते ही वह सन्धि भंग होगई तथा फिर कलह आरम्भ होने लगा। यह कलह किसी साधारण व्यक्ति के द्वारा आरम्भ होता तो कुछ बात न थी, परन्तु आप के द्वारा देश में अशान्ति फैलाना कब सराहनीय हो सकता है हमें बाध्य होकर ही आपकी तरफ से होने वाली नोटिसबाजीका उत्तर देना पड़ा। इसमें हमारा कोई दोष नहीं। हम सच कहते हैं कि यदि आपकी तरफ से हमारे संप्रदाय पर कोई आक्षेप न होता, तो हमें भी आपके पन्थ के विरुद्ध कुछ न लिखना पड़ता। हम पुनः निवेदन करते हैं कि आप अब भी सत्यका अवलम्बन करें।

न स्वेच्छं व्यवहर्तव्यमात्मनो भूतिमिच्छता।

पङ्को हि नभसि क्षिप्तः क्षेप्तुः पतति मूर्धनि ॥

निवेदक—मन्त्री—उदासीनसङ्घ, काशी।

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri